भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026 ■ माघ मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 12, अंक : 276 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 22 न्यून. 07 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## अभी 'धुंध' से आना है... 'धुंध' में जाना है

### सुबह-दोपहर और शाम कोहरे में डूबी रहीं, सूरज बस थोड़ा सा टिमटिमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को दोपहर तक घना कोहरा रहा। दोपहर बाद सर्द हवाओं के बीच थोड़ी देर तक खिली धूप भी बेअसर रही। इससे दिन के तापमान में शनिवार के मुकाबले 1.7 डिग्री की और गिरावट हो गई। रविवार को शहर में लगातार दूसरे दिन सीजन का सबसे सर्द दिन रहा। दिन का पारा 18.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम है। रात का 10.8 डिग्री रहने से कोल्ड डे जैसे हालात रहे हैं। इससे पहले शनिवार को भी सीजन में सबसे कम रात का पारा 20.2 डिग्री रहा है। राजधानी में सर्दी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। सोमवार से स्कूल सुबह 9:30 बजे के बाद ही लगेंगे। यह निर्णय नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भोपाल में आज से सभी स्कूल 9:30 बजे के बाद लगेंगे, 16 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित**

मनुआभान टेकरी का दृश्य, सुबह 10 बजे फोटो जर्नलिस्ट जसप्रीत सिंह

### ये हालात रहे

1. भोपाल में कोल्ड डे जैसे हालात, दोपहर तक कोहरा, ठंडी धूप से पारा और गिरा
2. राजधानी में लगातार दूसरे दिन सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, विजिबिलिटी शून्य
3. नौगांव में रात का पारा सर्वाधिक 8 डिग्री गिरकर 2.5 डिग्री पर पहुंचा, यहां सीवियर कोल्ड डे
4. ग्वालियर, दतिया, राजगढ़, खंडवा, रतलाम और श्योपुर में कोल्ड डे

### आज यहां कोल्ड डे और घना कोहरा

सोमवार को दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में अति घने कोहरे के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। ग्वालियर, सतना, पन्ना में अति घना कोहरा रहेगा। भिंड, मुरैना, रीवा, मऊगंज, जबलपुर, नरसिंहपुर में घना कोहरा और राजगढ़, उमरिया में मध्यम कोहरे के साथ कोल्ड डे रहेगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर में मध्यम से घना कोहरा रहेगा।

### छह जिलों में दृश्यता शून्य तक

रविवार को भोपाल, उज्जैन और इंदौर में सबसे घना कोहरा रहा। यहां दृश्यता 50 मीटर (शून्य) रही। दोपहर तक घना कोहरा रहा। ग्वालियर, नर्मदापुरम, रतलाम और मलाजखंड सहित आधा दर्जन से अधिक जिलों में सुबह 10 बजे तक दृश्यता 200 से 500 मीटर तक रही। रविवार को छह जिलों में सबसे कम रात का पारा 5 से 7 डिग्री तक रहा है। सबसे कम न्यूनतम तापमान राजगढ़ 5, दतिया 5.1, मंदसौर, ग्वालियर, पचमढ़ी 6.4, शिवपुरी 7 और निवाड़ी तथा रतलाम में रात का पारा 7.4 डिग्री रहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में अब पावर बैंक के इस्तेमाल पर लगी रोक


**नई दिल्ली।** अब फ्लाइट के दौरान पावर बैंक का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी।



डीजीसीए ने साफ किया है कि सुरक्षा कारणों से विमान में पावर बैंक का उपयोग पहले से ही प्रतिबंधित है और अब इसे सख्ती से लागू किया जा रहा है। पावर बैंक में लिथियम आयन बैटरी होती है, जो डैमेज होने पर आग लगने का खतरा पैदा कर सकती है।

### शादी के 14 साल बाद अलग हुए जय भानुशाली-माही विज


**मुंबई।** टीवी एक्टर जय भानुशाली और एक्ट्रेस माही विज ने अलग होने का फैसला किया है। इस



फैसले की जानकारी जय ने सोशल मीडिया के जरिए दी। रविवार को जय और माही ने इंस्टाग्राम पर एक साझा बयान पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि आज हम जिंदगी के सफर में अलग रास्ते चुन रहे हैं।

### टोलकर्मियों ने बस यात्रियों को लाठी-डंडों से पीटा

**उज्जैन।** उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित पिपलई (निपानिया) टोल प्लाजा पर




टोलकर्मियों ने यात्रियों पर लाठी-डंडों से पीटा। घटना शनिवार रात की है। वीडियो रविवार को सामने आया। बस उज्जैन से आगर जा रही थी। टोल प्लाजा पर कर्मचारी बीच लेन में अलाव जलाकर बैठे थे। इसी लेन में मालवा बस आ गई।

**बड़ा सवाल :** ट्रंप की यह नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी मुहिम या दुनिया में अमेरिकी प्रभुत्व को और मजबूत करना है?

मादुरो को अगवा करने पर पेट्रो ने कहा था कि यह लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला, इससे मानवीय संकट पैदा होगा

# अब कोलंबिया के राष्ट्रपति की बारी, ट्रंप ने धमकी दी-गुस्तावो पेट्रो 'सावधान' रहें

*ट्रंप अब क्यूबा के खिलाफ भी एक्शन ले सकते हैं। मेक्सिको के बारे में उनका मानना है कि उसे ड्रग कार्टेल चला रहे हैं। इसलिए, उनको भी खत्म करना होगा*



डोनाल्ड ट्रंप | गुस्तावो पेट्रो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने वेनेजुएला पर एयरस्ट्राइक कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया है। डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई है। इन देशों ने अमेरिका की इस सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को सरेआम धमकी दी है।

ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए पेट्रो के बारे में कहा कि वह कोकीन बना रहे हैं और उसे संयुक्त राज्य अमेरिका भेज रहे हैं इसलिए उन्हें सावधान रहना होगा। अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक मादुरो ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया**



वेनेजुएला में प्रदर्शन करते नागरिक

**ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई**

**कोलंबिया को पहले ही ट्रंप निशाना बनाने की चेतावनी दे चुके है**

### मेक्सिको और क्यूबा को भी धमकाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया कि क्यूबा ट्रंप प्रशासन का अगला निशाना हो सकता है। वेनेजुएला और क्यूबा दोनों को लेकर रुबियो ने कहा कि अगर मैं हवाना में रहता और सरकार में होता तो मैं कम से कम थोड़ा तो चिंतित होता। ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के साथ कुछ न कुछ करना ही होगा। राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम एक अच्छी महिला हैं, लेकिन वह देश नहीं चला रही हैं। मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### भारत पर इस घटनाक्रम का क्या असर?

**वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ा सकती है ओएनजीसी**

भारत कभी वेनेजुएला में कच्चे तेल का प्रमुख उत्पादक देश था, जो एक समय वेनेजुएला से रोजाना करीब चार लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात करता था। हालांकि वेनेजुएला पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने 2022 में लैटिन अमेरिकी देश से तेल खरीद बंद कर दी। भारत की प्रमुख विदेशी उत्पादक कंपनी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड,पूर्वी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारत ने कहा- हालात चिंताजनक, बातचीत से हो समाधान

वेनेजुएला में हालिया राजनीतिक और सुरक्षा घटनाक्रम को लेकर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा व भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से अपील करता है कि वे मौजूदा मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के माध्यम से करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जाति प्रमाण-पत्र संदिग्ध होने की शिकायत

## जाति प्रमाण-पत्र पर भाजपा पार्षद को एसडीएम ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बृजुला सचान

राजधानी के वार्ड-31 की भाजपा पार्षद बृजुला सचान को एसडीएम ने जाति प्रमाण-पत्र की एक शिकायत को लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस पर 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे स्वयं या उनके द्वारा अधिवक्ता की उपस्थिति की बात कही गई है। जवाब नहीं देने की स्थिति में एक तरफा कार्रवाई किए जाने की बात भी नोटिस में लिखी है। उनके निर्वाचन के दौरान जाति प्रमाण-पत्र को लेकर कोलार निवासी शैलेष सेन ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत ▶▶ शेष पेज 6 पर

**23 जनवरी को जवाब देने किया तलब, वरना एक पक्षीय होगी कार्रवाई**

### ग्वालियर में आंबेडकर पोस्टर विवाद

## एडवोकेट अनिल मिश्रा व 3 साथियों को कोर्ट से झटका

**आज जमानत पर फिर सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर जलाने के विवाद में गिरफ्तार एडवोकेट अनिल मिश्रा और उनके तीन साथियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रविवार को हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की, लेकिन इनकी जमानत पर फैसला नहीं हो सका। अब मामले में सोमवार, 5 जनवरी को फिर सुनवाई होगी। मामले में अनिल मिश्रा और उनके तीन साथियों को जेल भेज दिया गया ▶▶ शेष पेज 6 पर



अनिल शर्मा

### विदिशा में छेड़छाड़ रोकने पर हत्या

## युवक को बदमाशों ने चाकू से गोदा, सीसीटीवी फुटेज वायरल



शुभम चौबे (मृतक)

**आरोपियों की पहचान कर रही पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि युवती से छेड़छाड़ का विरोध करना नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को भारी पड़ गया। हमलावरों ने उसे कई बार चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह खूनी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल शुभम को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम एयर कंडीशनर रिपेयरिंग का काम करता था और अपने परिवार का सहारा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मंत्री के बयान पर निकाला अजब आदेश

## देवास के एसडीएम मालवीय निलंबित, रीडर को भी हटाया



आनंद मालवीय

**इंदौर में दूषित पानी मामले से जुड़ा मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में अजब प्रशासनिक आदेश ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में तूफान खड़ा कर दिया है। इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर जारी एक आदेश में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के संदर्भ में 'निरंकुशता' और 'अमानवीय' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। इस मामले में देवास एसडीएम आनंद मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने इसे कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही माना है। सहायक ग्रेड तीन अमित ▶▶ शेष पेज 6 पर

## इंदौर दूषित पानी मामले में प्रदेश भर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**दूषित पानी से अब तक 16 मौतें**



भोपाल सांसद के घर के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर पहुंचे**

*इंदौर। शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 16 मौतें हो चुकी हैं। 150 लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश भर में भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कटनी में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के बंगले के बाहर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बिहार के राज्यपाल ने कहा

## भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

चौथी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का



**बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताया**

मामला है। इससे पहले राज्यपाल के आगमन पर मानस भवन में राम-राम भजन से उनका स्वागत किया गया। राज्यपाल ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहती है, लेकिन इतिहास बताता है कि हर दौर में इंसानी खून सस्ता समझा गया। वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की अवधारणा आई, जिसमें मानव प्रतिष्ठा को मूल आधार माना गया, लेकिन व्यवहार में हम आज भी खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं। मैं सही हूं, बाकी सब गलत, यही सोच हिंसा को जन्म देती है। प्रभु श्रीराम भारत की एकात्मता के प्रतीक हैं। जब हम हर व्यक्ति में दिव्यता देखेंगे, तभी वास्तविक एकता संभव होगी।

### मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद तनातनी

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम, आईसीसी से श्रीलंका में मैच कराने को कहा



मुस्तफिजुर रहमान

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बीसीबी की तरफ से इस पूरे मुद्दे को लेकर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बांग्लादेश को चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है**



बांग्लादेश की टीम

### खेल मंत्रालय ने बीसीबी को दिए थे निर्देश

इससे पहले, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री ने बीसीबी को निर्देश दिया था कि वह आईसीसी से बांग्लादेश के मुकाबले श्रीलंका में आयोजित करने की मांग उठाए। बांग्लादेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

बांग्लादेश की एक और गीदड़भभकी...

### आईपीएल के प्रसारण पर रोक की तैयारी

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश ने भारत में हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के बहिष्कार की धमकी दी है और अब आईपीएल को लेकर बांग्लादेश बड़ा कदम उठा सकता है। दरअसल, टी स्पोर्ट्स के पास 2027 तक बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण अधिकार है। यह डील 2023 में वायकॉम18 के साथ की गई थी। अब इस पर रोक लगाने की तैयारी हो रही है। अब इस मामले में बांग्लादेश सरकार भी कूद पड़ी है और देश में आईपीएल 2026 के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है।

# मां कंकाली दरबार... 9 घंटे तक 211 कलाकारों ने भजन-नृत्य की दी प्रस्तुति



मां कंकाली मंदिर में मथुरा-वृंदावन से पधारे कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां कंकाली धाम रायसेन रोड में श्री सेवा संस्था के तत्वावधान में रविवार को भजनों का अनूठा कार्यक्रम किया गया।

सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक 9 घंटों में 211 कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। मथुरा वृंदावन से पधारे हुए कलाकारों द्वारा राधे कृष्ण की फूलों के होली खेली गई। मां कंकाली मंदिर को फूलों से सजाया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मालती राय व मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे शामिल हुए। भजन-नृत्य प्रस्तुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

## नारायण गुरु मंदिर में शिवगिरी तीर्थ यात्रा का हुआ आयोजन

**भोपाल।** श्री नारायण मिशन, भोपाल द्वारा रविवार को गोविंदपुरा स्थित श्री नारायण गुरु मंदिर में शिवगिरी तीर्थ यात्रा (शिवगिरी तीथार्धानम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्री नारायण संदेश परिषद व श्री नारायण मिशन की युथ विंग की सक्रिय सहभागिता रही। शिवगिरी तीर्थ यात्रा श्री नारायण गुरु की उस दृष्टि से प्रेरित रही, जिसमें उन्होंने कहा था कि तीर्थ यात्राओं का उद्देश्य ज्ञान के सार्वभौमिक प्रसार और समग्र विकास को बढ़ावा देना होना चाहिए।

मिशन के अध्यक्ष प्रकाशन एस. व उपाध्यक्ष श्यामल सुमन ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ श्री नारायण गुरु मंदिर में गुरु पूजा, गुरु पुष्पांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। पदयात्रा में केरल के श्रिंघारीमेलम, त्रिशूर के कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। श्री नारायण मिशन के युवाओं एवं महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। यह पदयात्रा गोविंद गार्डन, मेहता मार्केट जैसे प्रमुख स्थानों से होती हुई पुनः श्री नारायण गुरु मंदिर पर संपन्न हुई। इस मौके पर महासचिव बी. राजू ने बताया कि




नारायण गुरु मंदिर में शिवगिरी तीर्थ यात्रा का आयोजन।

नारायण संदेश परिषद सहित बैरागढ़, मंडीदीप एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त विदिशा, सारनी, बैतूल तथा दिल्ली से भी श्रद्धालु शामिल हुए। शिवगिरी तीथार्धानम के अवसर पर विशेष पूजा संतोष शांतिकल द्वारा संपन्न कराई गई। पूजा के बाद प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका संचालन उपाध्यक्ष श्यामल सुमन ने किया। मिशन के अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया।

## बनारस के रेशमी वस्त्र से तैयार कर बाबा महाकाल को अर्पण किया शॉल



बाबा महाकाल को रेशमी वस्त्र से तैयार शॉल अर्पण करते श्रद्धालु।

**भोपाल।** पौष मास के प्रथम दिन बाबा महाकाल के लिए सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा विशेष बनारसी गर्म शाल तैयार कर बाबा महाकाल को अर्पण किया गया। संगठन के प्रकाश मालवीय ने बताया कि बाबा महाकाल से प्रदेश में सभी की खुशहाली की कामना के लिए की बनारस से विशेष 5 मीटर कपड़ा मंगवाया गया था, जिसे 4 दिन में युवाओं ने तैयार कर रविवार को बाबा महाकाल को अर्पण किया। इस अवसर पर संगठन के शिवा ठाकुर, यश जैन, अंकित शर्मा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकाश पर्व गुरुद्वारा फूलों से सजा

**भोपाल।** सिखों के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। इस दौरान नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो शहर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए हमीदिया रोड गुरुद्वारा पहुंचेगा। हमीदिया रोड गुरुद्वारा को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया है।

### संस्कृत विद्यालयों की नवीन संबद्धता, नवीनीकरण के लिए आवेदन आज से

**भोपाल।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. द्वारा सत्र 2026-27 के लिए वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों की नवीन संबंद्धता, नवीनीकरण के लिए आवेदन आज से शुरू हो रहे हैं। शासकीय, आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय और परंपरागत सामान्य संस्कृत विद्यालय एवं प्राच्य आवासीय संस्कृत विद्यालय (छात्रावास युक्त) संस्कृत विद्यालयों को संस्थान से नवीन संबद्धता प्राप्त करने के लिए अथवा संबद्धता नवीनीकरण के लिए सोमवार से आवेदन की प्रक्रिया एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से शुरू की जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### स्वच्छता और पर्यावरण से 15 साल से जुड़े लोगों का हुआ सम्मान

**भोपाल।** राजधानी के अस्सी फीट रोड स्थित सम्राट कॉलोनी के पार्क में रविवार को 15 साल से स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया। इस दौरान 22 समितियों के समाज सेवियों का सम्मान हुआ। सम्राट कॉलोनी जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष अजीज मोहम्मद खान ने बताया कि केएन गुप्ता, अजीम खान, उमाचंद, रामशंकर, एसएम खान, दयाराम राजपूत, हुकमचंद कुशवाह आदि का सम्मान किया गया।

### अब केट-टू सिस्टम से घने कोहरे में भी लैंड हो सकती है फ़्लाइट

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर लगा केट-टू सिस्टम घने कोहरे में भी उड़ानों के लिए वरदान साबित हो रहा है और बहुत कम ही दृश्यता में भी आसानी से उड़ाने लैंडिंग कर कर रही है। आज प्रातः घने कोहरे एवं अत्यंत कम दृश्यता की स्थिति में भोपाल विमानतल पर न्यूनतम दृश्यता 100 मीटर तथा रनवे विज़ुअल रेंज (RVR) लगभग 400 मीटर दर्ज की गई। मौसम को देखते हुए सेफगार्डिंग प्रक्रिया लागू की गई तथा लो विज़िबिलिटी प्रक्रिया (LVP) सक्रिय की गई। इन परिस्थितियों के बावजूद CAT-II इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (ILS) के माध्यम से 3 एयरबस एवं 1 एटीआर सहित कुल 4 आगमन उड़ानों ने सुरक्षित लैंडिंग की। सभी उड़ान संचालन डीजीसीए-स्वीकृत CAT-II एवं LVP प्रक्रियाओं के अनुरूप सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न हुए।

## यात्री बोले- किराया अधिक, समय भी लगता है, इसलिए मेट्रो में सफर करना महंगा

# 700 यात्रियों की क्षमता वाली मेट्रो में अब बमुश्किल एक ट्रिप में 50 यात्री भी नहीं

आज से बदल जाएगा टाइम टेबल, अब दोपहर 12 बजे चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो के संचालन को लेकर पहले दिन यात्रियों का दिखा उत्साह तीसरे संडे को फीका नजर आया। न पहले दिन जैसी भीड़ रही। केवल लोग मेट्रो में यात्रा का आनंद लेने सपरिवार पहुंचे। एक ट्रिप में 700 से ज्यादा यात्रियों की क्षमता वाली मेट्रो में एक ट्रिप में 50 यात्री भी नहीं मिल रहे वो भी सपिरवार बच्चों सहित घूमने आने वाले। सोमवार से मेट्रो का संचालन दोपहर 12 बजे से होगा और 17 की जगह अब 13 फेरे ही लगेंगे।

इसे लेकर हरिभूमि ने यात्रियों से बातचीत की तो उनका कहना था कि वे तो केवल मेट्रो में घूमने आए हैं, लेकिन किराया ज्यादा और समय भी अधिक लग रहा है। इसलिए वर्तमान में तो मेट्रो से आवाजाही लोगों की कम ही रहेगी।

अयोध्या नगर निवासी आकाश राय अपनी पत्नि मंजू राय और बेटे के साथ केवल मेट्रो में घूमने आए। उन्होंने बताया कि सोमवार से समय बदल जाएगा इसलिए रविवार होने के कारण पूरे परिवार को घुमाने लाए हैं। वे एम्स तक जाएंगे और वापस आएंगे। किराया अधिक होने पर उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए किराया अधिक है और समय भी अधिक लगता है।

रिक्शे में 20 से 30 रुपए लगते हैं, जबकि चार पहिया में 100 से 120 में पहुंचते हैं

फीका रहा तीसरा संडे, नहीं दिखी भीड़ न उत्साह, केवल घूमने आए लोग





खाली मेट्रो में हैंडल पर लटके छोटे बच्चे। खाली टिकटघर। इनसेट



खाली दिखाई दे रहा पूरा मेट्रो परिसर।

### बैटरी वाले ऑटो में प्रति यात्री 20 से 30 रुपए खर्च

*बैटरी वाले आटो सुभाष नगर से मेट्रो स्टेशन तक 20 से 30 रुपए प्रति यात्री किराया लेते हैं जबकि तीन पहिया आटो 100 से 120 रुपए में तीन यात्रियों का किराया लेते हैं। इसी तरह चार पहिया वाहन में चार सवारियों का किराया 120 रुपए लगता है। समय भी कम लगता है।*

### पहले संडे तो 7000 दूसरे में 2349 और तीसरे संडे करीब 1800 यात्री

मेट्रो संचालन के पहले दिन 17 ट्रिप में 7000 यात्रियों ने यात्रा की जबकि दूसरे संडे को यह संख्या घटकर 2349 पर पहुंची और तीसरे संडे को यह संख्या 1800 के आसपास सिमट गई।

### बच्चों ने मेट्रो में किया मनोरंजन, हैंडल पर लटककर झूले

संडे को सपरिवार मेट्रो में घूमने और शहर को निहारने पहुंचे लोगों के साथ बच्चों ने हैंडल पर लटककर खूब झूला और मनोरंजन किया। बेहद कम यात्री थे, लेकिन भरपूर मनोरंजन किया। परिवार के साथ आए लोगों ने सेल्फी ली।

### क्षमता के अनुसार 11 हजार यात्री रोज मिलना थे

तीन डिब्बों वाली मेट्रो में प्रत्येक ट्रिप में 700 से ज्यादा यात्रियों की क्षमता है। इसके मान से रोजाना 1100 यात्री मेट्रो में रोज यात्रा कर सकते थे, लेकिन पहले दिन के बाद से लगातार यात्रियों की संख्या घटने के चलते मेट्रो प्रशासन को टाइम टेबल बदलना पड़ा और ट्रिप भी कम कर दिए।



अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी।

### कार्यक्रम में प्रस्तुत कीं शोधपरक प्रस्तुतियां

## अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी संपन्न, सात देशों और 17 राज्यों के विद्वानों ने साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री पीतांबरा विद्यापीठ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी के दूसरे और अंतिम दिन ज्योतिषाचार्यों, शोधकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग ने ज्योतिष, आयुर्वेद, अध्यात्म और जीवन से जुड़े विविध विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में देश-विदेश से आए विद्वानों ने शोधपरक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसकी मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुति निष्ठा गौतम, ज्योति पाण्डेय एवं रंजना गौतम ने सामूहिक रूप से दी। पूर्व आईएफएस डॉ. रामगोपाल सोनी ने आयुर्वेद पर अपने शोध प्रस्तुत करते हुए दैनिक रसोईघर में उपयोग होने वाले मसालों के माध्यम से असाध्य रोगों के निवारण के सरल उपाय बताए।

छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी डॉ. सुभाष अत्रे ने आयुर्वेद के साथ-साथ ज्योतिष की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डाला और अपने जीवन से जुड़ी पांच घटनाओं का उल्लेख करते हुए ज्योतिष की सटीकता को रेखांकित किया।

पूर्व आईएएस राजेश चतुर्वेदी ने स्वप्न तथा सगुन-अपसगुन विषय पर विचार रखते हुए वृहत संहिता के शकुन भाग का विस्तार से वर्णन किया।

### रोगियों पर शोध करने का दिया सुझाव

जबकि कुलगुरु डॉ. हरीश राव ने अस्थि रोगों से बचाव के लिए ग्रहों की स्थिति का उल्लेख करते हुए रोगियों पर शोध करने का सुझाव दिया। वहीं अन्य विवि के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार राम ने ज्योतिष की विभिन्न विधाओं, स्वप्न शास्त्र और सामुद्रिक शास्त्र पर प्रकाश डालते हुए कनिष्ठिका और अनामिका उंगली से संबंधित अपने शोध को साझा किया। ज्योतिष एवं आध्यात्म गुरु त्रिवेणी शंकर मिश्र ने अध्यात्म और ज्योतिष के परस्पर संबंध पर परिचर्चा करते हुए अध्यात्म के महत्व को रेखांकित किया। ज्योतिषाचार्य सचिन शर्मा ने ज्योतिष और अध्यात्म के संबंध में शरीर के सात चक्रों का सप्त ग्रहों से संबंध बताया। विद्या मुनि गौतम ने यात्रा मुहूर्त के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए चंद्रमा के महत्व को समझाया। समापन सत्र में क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी और नगर निगम जोन-6 की अध्यक्ष बृजुला सचान ने आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### सम्मान

संगोष्ठी के दौरान प्रदेश के पत्रकारों और छायाकारों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संवाददाता दिनेश शुक्ल, वरिष्ठ छायाकार अबरार खान तथा अन्य मीडिया प्रतिष्ठान के प्रमुख हेमंत चतुर्वेदी को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

## बरकतउल्ला: परीक्षा का पैटर्न बदलेगा परिवर्तित कोर्स के आधार पर होंगे पेपर

लिखित पेपर और प्रेक्टीकल परीक्षा भी बदलेगी, 60 अंकों की थ्योरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय इसी सत्र से परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव करने जा रहा है। इसके लिए कोर्स में किए गए बदलाव के आधार पर ही अब संबंधित विषय और कोर्स के पेपर तैयार किए जाएंगे। दरअसल, हाल ही में बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) की बैठक में इस मुद्दे पर लंबी चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। बीयू अधिकारियों के अनुसार यह सबसे अहम फैसला है, जिसके तहत अब बीयू विश्वविद्यालय सहित अपने संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा के पैटर्न में बदलाव करेगा।

### प्रेक्टिकल एग्जाम में किए जाएंगे बदलाव

इस बदलाव के तहत बीयू एनईपी 2020 के अनुसार जिन विषयों में बदलाव किया गया है उस पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी अब नए कोर्स के आधार पर तैयार किए गए प्रश्न पत्रों के माध्यम से ही आयोजित करेगा। बताया गया है कि अब केवल लिखित परीक्षाओं के पेपर ही नहीं बल्कि प्रैक्टीकल एग्जाम में यह बदलाव किए जाएंगे। अब 60 अंकों की थ्योरी का पेपर होगा, जबकि 40 अंकों का प्रैक्टीकल एग्जाम होगा। पहले थ्योरी का पेपर 40 और प्रैक्टीकल 30 अंकों का होता था, जिसमें अब बदलाव करते हुए 60 अंकों की थ्योरी और 40 अंक का प्रैक्टीकल किया जा रहा है।

## कोरी समाज का परिचय सम्मेलन, 200 से अधिक युवक-युवतियों ने दिया परिचय



कोरी समाज का परिचय सम्मेलन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सर्व कोरी समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को रेलवे इंस्टीट्यूट प्लेटफार्म नंबर एक के पास आयोजित किया गया। सम्मेलन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक 200 से अधिक युवक-युवती ने परिचय देकर मंच से अपनी पसंद बताई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए।

## सेमरी कला और करोंद में पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ आयोजित, बड़ी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु

# अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में ग्राम-ग्राम जागरण, मातृशक्ति संवर्धन और संस्कारों की रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर के निर्देशन में अखंड दीप (1926–2026) शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर ग्राम तीर्थ योजना के अंतर्गत कोलार रोड स्थित ग्राम सेमरी कला तथा करोंद क्षेत्र की देवकी नगर कॉलोनी में भव्य पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सेमरी कला में आयोजित मातृशक्ति संवर्धन पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ में लगभग 100 श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने पर्यावरण शुद्धिकरण, लोक कल्याण, आत्म कल्याण एवं वैचारिक शुद्धिकरण के उद्देश्य से गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित कीं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने ग्राम स्तर पर नारी जागरण, संस्कार संवर्धन एवं पारिवारिक एकता का सशक्त संदेश दिया।



पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन।



छात्रों का विद्यारंभ संस्कार।

### करोंद में संस्कार, साधना और सेवा का संगम

*इसी क्रम में करोंद की देवकी नगर कॉलोनी में आयोजित पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ में लगभग 300 श्रद्धालुओं ने जनकल्याण हेतु आहुतियां दीं। इस अवसर पर 18 साधकों ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर सेवा, साधना और सदाचारपूर्ण जीवन का संकल्प लिया। वहीं, 2 बहनों का पुंसवन संस्कार एवं 20 विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ, जिससे पारिवारिक और शैक्षिक जीवन में संस्कारों की नींव और अधिक सुदृढ़ हुई।*

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों ने कराया परीक्षण

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। आयोजकों ने बताया कि अखंड दीप शताब्दी एवं जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर अध्यात्म, सेवा, संस्कार एवं स्वास्थ्य-जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राम-ग्राम में सद्भाव, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना के पुनर्जागरण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।



पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन।

# टैंकरों और बोरवेल का पानी सीधे पीने लायक नहीं, शहर की 15 फीसदी आबादी उसी पर निर्भर

## निगम के पास 85 फीसदी वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, 15 फीसदी के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत बिछेगा पाइप लाइनों का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में भले ही नगर निगम शुद्ध पीने का पानी सप्लाई होने का दावा कर रहा हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि 15 फीसदी आबादी अब भी बोरवेल,टैंकरों के पानी पर निर्भर है। जानकारों की मानें तो यह पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसा पानी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। निगम प्रशासन की मानें तो निगम के पास 85 फीसदी नेटवर्क है। 15 फीसदी नेटवर्क को अमृत 2.0 के तहत तैयार किया जाएगा।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बृजेश शर्मा ने बताया कि बोरवेल और टैंकरों का पानी सीधे पीने योग्य नहीं होता। उसे क्लोरीन से उपचारित कर लेना चाहिए। जबकि नगर निगम के जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि निगम द्वारा टैंकरों से जल प्रदाय नहीं किया जाता। बोरवेल निजी कॉलोनियों के हैं। इस तरह से निगम की कोई सप्लाई नहीं है। निगम के पास 72 टैंकर हैं, जिनकी सफाई भी नियमानुसार करवाई जाती है। यह वैकल्पिक व्यवस्था है। निगम के पास शहर का 85 फीसदी वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क है और 15 फीसदी अमृत 2.0 योजना के तहत बनाया जाएगा।

*- निगम का तर्क- टैंकरों से पानी की सप्लाई नहीं, केवल वैकल्पिक व्यवस्था है*

*निगम का दावाः बोरवेल निजी कॉलोनियों के, निगम की कोई सप्लाई नहीं*

*निगम के पास 72 टैंकर हैं, जिनकी सफाई भी नियमानुसार करवाई जाती है*



नेहरू नगर की मांडवा बस्ती में पहुंचे टैंकर से पानी लेते लोग। इंसर्ट में टैंकर का मटमैला पानी।

*200 से ज्यादा लीकेज सुधारे, चैंबरों की मशीनों से की सफाई*

## छुट्टी के दिन भी निगम का अमला पूरे शहर में रहा एक्टिव, अधिकारी लेते रहे फीडबैक

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर निगम ने शहर में लीकेज और सीवेज की समस्या के निराकरण को लेकर पूरी मशीनरी मैदान में उतार दी। रविवार को निगम का जल कार्य अमला और सीवेज के वाहन दौड़ते नजर आए। कहीं चैंबरों की मशीनों से सफाई हुई तो एक बड़ा अमला पाइप लाइनों के लीकेज को दुरुस्त करने में जुटा रहा। मौके पर नहीं पहुंचने वाले अधिकारी भी मैदानी अमले से न सिर्फ फीडबैक लेते रहे, बल्कि जोन स्तर के अधिकारी मौके पर नजर बनाए रहे। बीते तीन दिन में शहर के 1000 से ज्यादा स्थानों से लिए अलग-अलग टीमों ने पानी के सैंपल लेकर गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी व बैक्टेरियल की जांच की है, जबकि 200 से ज्यादा लीकेज सुधारे गए हैं और चैंबरों की मशीनों से सफाई की गई है। रविवार को संत नगर, भेल क्षेत्र, नर्मदापुरम रोड, कोलार में लीकेज को सुधारने और चैंबरों की सफाई करने में जुट गया था।

### आयुक्त सहित अन्य अधिकारी लेते रहे फीडबैक


सैंपल लेते निगम कर्मी।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन, अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा अमले से फीड बैक लेते रहे। जिन क्षेत्रों में ओवरहैड टैंक और संप टैंक की सफाई नहीं हुई है, उनकी सफाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। टीमों ने रविवार को भी 300 से ज्यादा पानी के नमूने लिए।

### सैंपलिंग और लीकेज सुधार जारी रहेंगे

जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि पानी की सैंपलिंग लगातार हो रही है। ओवरहैड टैंक और संप टैंक की सफाई करवाई जा रही है। लीकेज सुधारने का काम चल रहा है।

### चार दिन में 16 हजार पर्यटक वन विहार पहुंचे

**भोपाल।** नए साल के साथ स्कूलों की छुट्टी ओर सर्दी के सुहाने मौसम की वजह से पर्यटन स्थलों व पार्कों में पर्यटकों का दबाव भी बढ़ गया है। इसी के तहत भोपाल शहर के बीच में स्थित वन विहार नेशनल पार्क पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। यहां पर पिछले चार दिनों 16 हजार से अधिक पर्यटकों ने वन विहार नेशनल पार्क की सैर की है। रविवार को यहां पर 5 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। यहां पर स्थिति यह रही कि सांप बाड़े में लोगों ने बाकायदा लाइन लगाकर सांपों को देखा। वहीं बाघ और भालू को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे।

### केरवा फिल्टर प्लांट से पानी की नहीं हुई सप्लाई

**भोपाल।** केरवा डैम स्थित फिल्टर पर बिजली कंपनी द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की एचटी फीडर लाइन के मेंटेनेंस के चलते शट डाउन लिया गया था। इसके कारण कोलार में पानी की सप्लाई नहीं हुई। शट डाउन लिए जाने के कारण केरवा जलशोधन संयंत्र का संचालन भी बंद रहा। इसके कारण जोन-18 एवं जोन-19 के दामखेड़ा, सर्वधर्म कालोनी, अमरनाथ कालोनी, अंबेडकर नगर, महाबली नगर, सांईनाथ नगर, कान्हाकुंज, गुड शेफर्ड, दानिश कुंज, राजहर्ष कालोनी, बांसखेड़ी, प्रियंका नगर, सुमित्रा परिसर आदि क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हुई। सोमवार से जल प्रदाय सुचारू रूप से होगा।

## कड़ाके की सर्दी से लोगों को राहत दिलाने के लिए रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

# रैन बसेरे पहुंचे सीएम डॉ. मोहन, जरूरतमंदों से जाना दुख-दर्द, खुद परोसी चाय, बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की रात शहर के यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर वहां रात गुजार रहे लोग खुश हो गए। उन्होंने रैन बसेरे में गरीबों, जरूरतमंद, बेसहारा और रात्रि विश्राम करने आए राहगीरों से सीधा संवाद किया। सबके हालचाल और दुःख-दर्द जाने और खुद अपने हाथों से गर्मागर्म चाय परोसी। उन्होंने सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल भी वितरित किए।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैन बसेरा जाते समय सबसे पहले पुलिस मुख्यालय के सामने लाल परेड ग्राउंड के गेट नम्बर 4 शौर्य द्वार में उपस्थित महिलाओं और बुजुर्गों से बात की और उनका हालचाल जाना। यहीं सभी को कंबल वितरित किए। इसके बाद मुख्यमंत्री तलैया स्थित काली मंदिर पहुंचे और वहां बड़ी संख्या में उपस्थित सभी गरीबों और जरूरतमंदों को भी कंबल वितरित किए। इस दौरान महापौर मालती राय, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन, भाजपा भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, क्षेत्रीय पार्षद सहित जनप्रतिनिधि व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

काली मंदिर तलैया में भी गरीबों और जरूरतमंदों को बांटे कंबल

लाल परेड ग्राउंड के शौर्य द्वार के पास किया कंबलों का वितरण


तेज सर्दी से बचाव के लिए महिलाओं को कंबल देते मुख्यमंत्री।

### लोगों से किया सीधा संवाद

मुख्यमंत्री द्वारा पूछने पर एक जरूरतमंद ने बताया कि वह सब्जी बेचने भोपाल आए थे। सर्दी भी तेज है और रात भी हो गई है, तो अब वे इसी मंदिर परिसर में रात बिताएंगे। कुछ ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से आए थे, सिर्फ रात बिताने के लिए उन्होंने काली मंदिर परिसर में शरण ली है।

## सीएम ने सभी को अपने हाथों से पिलाई चाय

मुख्यमंत्री ने रैन बसेरे में उपस्थित सभी राहगीरों को अपने हाथों से गर्मागर्म चाय पिलाई और सभी को कंबल भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने शहर के सभी रैन बसेरों और आश्रय गृहों में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश कलेक्टर और निगमायुक्त को दिए।

### सरकार जरूरतमंदों के लिए कार्य कर रही है


बुजुर्ग महिला को चाय देते मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तेज सर्दी के इस मौसम में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को राहत मिली। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी व्यक्ति को बेसहारा नहीं रहने देगी।

**रैन बसेरा में लोग खुश**

### रात गुजारने वालों को सीएम ने चाय पिलाई पूछा, कोई परेशानी तो नहीं है



मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरे में मौजूद सभी विश्रामकर्ताओं से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा यहां कोई परेशानी तो नहीं है। विश्रामकर्ताओं ने कहा कि उन्हें यहां कोई भी परेशानी नहीं है। खाने और सोने की पूरी व्यवस्था है। ठंड से बचने के लिए यहां हीटर भी हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से उनके यहां आकर रूकने की वजह पूछी। बताया गया कि ज्यादातर राहगीर आगे के सफर के लिए यहां रात बिताने रूके हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव रैन बसेरे में विश्राम के लिए आए सुबोध जोसेफ के पास पहुंचे। सुबोध ने बताया कि उसकी कमर में भारी दर्द है। इलाज की जरूरत है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और निगमायुक्त को सुबोध का समुचित इलाज कराने और उसकी हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए।

## तेज सर्दी में बोट क्लब फुल, शाम को बने ट्रैफिक जाम के हालात


बोट क्लब पर मौसम का लुत्फ लेते सैलानी।

रविवार को दिनभर के बाद शाम से ही कड़ाके की सर्दी का दौर रहा। कंपकंपाने वाली हवाएं सैलानियों के लिए काफी मुफीद रहीं। दिनभर पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों का सैलाब दिखाई दिया। इसमें सबसे अधिक सैलानियों का आना जाना बोट क्लब, मनुआभान की टेकरी, सैरसपाटा, शाहपुरा लेक से लेकर चिड़ियाटोल तक दिखाई दिया। दिन भर की भीड़भाड़ के बाद शाम को बोट क्लब पर काफी संख्या में सैलानियों के आने जाने से कुछ जगह जाम के हालात बन गए।

### ठंड में शिकारे की सैर

बोट क्लब पर सैलानियों ने कोहरे और सर्द हवाओं के बीच बड़ी झील में शिकारे की सैर की। यह क्रम शाम तक चलता रहा। देर शाम तक झील के किनारे रंगीन रोशनी और झील के किनारों का नजारा लेने वालों की भीड़ रही। इस बीच सर्दी में लोगों ने कहीं अलाव तो कहीं हीटर का सहारा लिया। गर्म चाय और कॉफी भी सैलानियों ने खूब पसंद की।

## सुधरी चालः ट्रेनों की लेटलतीफी हुई थोड़ी कम

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल अब कुछ सुधरती नजर आ रही है। राजधानी भोपाल आने वाली ट्रेनें की लेटलतीफी थोड़ी कम हुई। पहले जो ट्रेनें 14 घंटे की देरी से दो दिनों से यह ट्रेनें 5 से 6 घंटे की देरी से आ रही है। रविवार को अधिकांश ट्रेनें 4 मिनट से लेकर 5 घंटे तक की देरी से पहुंची।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 5 .06 मिनट।
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 1. 20 घंटे।
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 2:20 घंटे।
- 22692 बैंगलुर राजधानी एक्सप्रेस 1:45 मिनट।
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 3:30 घंटे।

## मप्र वक्फ बोर्डः संपत्तियों को नियम विरुद्ध दिया किराए पर, दो करोड़ से ज्यादा का नुकसान, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र वक्फ बोर्ड से जुड़ी संपत्तियों को नियमों की अनदेखी कर किराए पर देने और बोर्ड को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने कार्रवाई की है। जांच के बाद वक्फ बोर्ड के तत्कालीन पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले में वक्फ बोर्ड को करीब 2 करोड़ 54 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक हानि होने की बात सामने आई है। ईओडब्ल्यू ने प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव की शिकायत पर कार्रवाई की है।

उप सचिव ने 27 जुलाई 2023 को भेजी शिकायत के साथ वक्फ बोर्ड से संबंधित दस्तावेज और पूर्व जांच समिति की रिपोर्ट भी संलग्न थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि वक्फ बोर्ड की औकाफ आम्मा संपत्तियों को वक्फ अधिनियम 1995 और वक्फ संपत्ति पट्टा नियम 2014 का उल्लंघन करते हुए लीज पर दिया गया और कई स्थानों पर बिना अनुमति स्थाई निर्माण की स्वीकृति दी गई। शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू ने 3 अक्टूबर 2023 को प्रारंभिक जांच क्रमांक 03/2023 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि वर्ष 2013 से 2018 के बीच गठित इंतजामिया कमेटी औकाफ आम्मा, भोपाल के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं। इस 11 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष शौकत मोहम्मद थे, जबकि फुरकान अहमद और मोहम्मद जुबेर सचिव पद पर कार्यरत थे। जांच में यह सामने आया कि समिति को गठन आदेश में ही यह शर्त दी गई थी कि वक्फ बोर्ड की अनुमति के बिना संपत्ति को लीज पर नहीं दिया जा सकता और न ही स्थाई निर्माण कराया जा सकता है। इसके बावजूद करीब 185 वक्फ संपत्तियों में किरायेदारी परिवर्तन किए।

### मप्र वक्फ बोर्ड को 2 करोड़ 54 लाख रु. की आर्थिक क्षति

ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया कि इन संपत्तियों का कुल क्षेत्रफल लगभग 83,390 वर्गफुट था, जिनकी कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार कीमत 59 करोड़ रुपए से अधिक थी। नियमों के अनुसार इनसे हर साल 2 करोड़ 76 लाख किराया मिलना चाहिए था, लेकिन वास्तव में केवल 21 लाख रुपए के आसपास ही किराया वसूला गया। इससे वक्फ बोर्ड को हर साल करीब 2 करोड़ 54 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई।

### इनके खिलाफ दर्ज किया मामला

जांच में यह भी सामने आया कि संपत्तियां देने से पहले न तो सार्वजनिक सूचना जारी की गई, न ही विज्ञापन या बोली प्रक्रिया अपनाई गई। कई मामलों में बिना अनुमति स्थाई निर्माण भी कराया गया। जांच पूरी होने के बाद ईओडब्ल्यू ने शौकत मोहम्मद, फुरकान अहमद और मोहम्मद जुबेर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पुलवामा अटैक में शामिल होने का डर दिखाकर महिला को किया डिजिटल अरेस्ट, ढाई लाख ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलवामा आतंकी घटना में शामिल होने का डर दिखाकर सायबर जालसाजों ने कल्पना नगर पिपलानी निवासी 63 साल की एक बुजुर्ग महिला आशा जैन को डिजिटली अरेस्ट कर लिया। घटना पिपलानी के कल्पना नगर में 29 और 30 दिसंबर की बताई जा रही है। खुद को मुंबई एटीएस का अधिकारी बताकर दो दिन तक बुजुर्ग महिला को डराया-धमकाया गया। बाद में गिरफ्तारी का डर दिखाकर ढाई लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही पुलिस ने रकम होल्ड कराने का प्रयास किया लेकिन तब तक आरोपी 89 हजार रुपए निकाल चुके थे। पिपलानी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नौ मैपिंग वाले मतदाता गैस क्लेम का अंतिम आदेश भी कर सकेंगे पेश

## नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई आज से वार्ड कार्यालयों, तहसीलों में एईआरओ करेंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 85 वार्डों, तहसील और नजूल कार्यालयों में नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई सोमवार से शुरू होगी। यहां सुबह 11 बजे से सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदाताओं की सुनवाई करेंगे। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे चरण में नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस देने का काम जारी है। जिसके तहत अब तक 6 हजार 221 मतदाताओं को नोटिस



डिलेवर कर 2 हजार 830 मतदाताओं के दस्तावेज भी अपलोड कर दिए गए हैं। इधर, मतदाताओं से कहा जा रहा है कि वह तय दस्तावेजों के साथ जन्म की पुष्टि करने वाला अन्य दस्तावेज भी पेश कर सकते हैं। ऐसे में मतदाताओं के पास गैस क्लेम का अंतिम आदेश है, जिसे मतदाता पेश कर सकेंगे।

### 17 हजार मतदाताओं ने दिए नए आवेदन

जिले की सात विस में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे जाने के बाद 23 दिसंबर से मतदान केंद्रों पर बैठने वाले बीएलओ को 17 हजार 152 नए मतदाताओं ने आवेदन पेश किए हैं। इन लोगों के आवेदन में माता, पिता, दादा-दादी का वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम का सत्यापन भी किया जा रहा है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि अब सूची में नए नाम जोड़ने का आधार माता, पिता, दादा, दादी का लिंक रहेगा।

### भोपाल में अब 16 लाख 87 हजार मतदाता

एसआईआर के दौरान मृत, शिफ्टेड, एबसेंट और डबल एंट्री वाले मतदाताओं का नाम काटने के बाद भोपाल की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विस में 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता शेष बचे हैं। एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं के वेरिफिकेशन के बाद ही नाम मतदाता सूची में बन रहेंगे। दस्तावेज पेश नहीं करने वाले मतदाताओं के नाम भी इस लिस्ट से काट दिए जाएंगे।

## नर्स का सीपीआर देते हुए वीडियो वायरल, डॉक्टर समेत गार्ड अस्पताल से हुए नदारद

# युवक की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। घटना शनिवार देर रात की है, जिसका एक वीडियो सामने आया है।

वीडियो में एक नर्स मृतक को रिवाइव करने के लिए सीपीआर देने का प्रयास कर रही है। उसके अलावा वार्ड में न कोई डॉक्टर व अन्य स्टाफ है। यही वीडियो परिजन ने बना कर शेयर किया है। बरखेड़ी निवासी 32 वर्षीय विशाल जोगी हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अक्षय अस्पताल में भर्ती था। शनिवार शाम से उसकी स्थिति बिगड़ने लगी थी। परिजनों का आरोप है कि उनके बार बार कहने पर भी कोई सीनियर डॉक्टर नहीं आया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह सभी आरोप गलत हैं। जब परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो पुलिस को सूचना दी गई थी। थाने से मिली जानकारी के अनुसार, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों का आरोप, सीनियर डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आए



अस्पताल में हंगामे से पहले का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो विशाल के एक परिजन ने रिकॉर्ड किया है। जिसमें बेड पर लेटे मरीज को एक नर्स सीपीआर देते हुए रिवाइव करने का प्रयास कर रही है। वहीं, मौजूद परिजन अपने मरीज की स्थिति को देखते हुए रोने लगते हैं। वहीं, वीडियो रिकॉर्ड कर रहा व्यक्ति अस्पताल में एक भी डॉक्टर न होने का आरोप लगा रहा है। अस्पताल के स्टाफ के अनुसार, 30 से ज्यादा लोग अस्पताल में अचानक आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया। मामला बिगड़ता देख अस्पताल का स्टाफ समेत गार्ड तक मौके से खुद को बचाते हुए निकल गए थे।

### प्रबंधन बोला-बचाने के प्रयास किए

अस्पताल स्टाफ के अनुसार, विशाल की स्थिति पहले से गंभीर थी। इसकी सूचना परिजनों को पहले से थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने युवक को बचाने का पूरा प्रयास किया था। पहले से स्थिति की जानकारी होने के बाद भी परिजन युवक की मौत के बाद आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल में लगे कांच, कुर्सियां, बोर्ड समेत अन्य सामान की तोड़ फोड़ कर दी।

### मामले की जांच कर रहे हैं

अस्पताल और मृतक के परिजनों से शिकायत की है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। उसके बाद ही किसी पर पुलिस केस दर्ज करेगी।

**संजीव चौकसे, टीआई, हबीबगंज थाना**

## भोजपुरी नाइट में गोलू राजा ने दी सुमधुर भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति

# सांसद शर्मा ने 52 दिनों के उत्सव का रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया समापन, 22 लाख से ज्यादा लोगों ने रचा 'भोजपाल मेला' का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला का रविवार को भोजपुरी नाइट में गोलू राजा की भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोडकर समापन किया गया। इस बार मेले ने लोकप्रियता के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं।

पिछले 52 दिनों में भोपाल सहित सीहोर, रायसेन, विदिशा और मंडीदीप जैसे पड़ोसी जिलों से 22 लाख से अधिक लोग परिवार सहित मेला देखने पहुंचे।

### भोजपुरी नाइट में रंगारंग सांस्कृति प्रस्तुतियां



राजा भोज की प्रतिकृति के पास उपस्थित सासंद शर्मा व पदाधिकारी।

मेले में अंतिम दिन भारी भीड़ रही। इस दिन डेढ़ लाख से ज्यादा लोग मेला देखने पहुंचे। समापन संध्या को यादगार बनाने के लिए भोजपुरी संगीत के दिग्गज और 'शेरे बिहारे' फेम गोलू राजा ने सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी नाइट में भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। 14 नवंबर से 4 जनवरी तक 52 दिन तक चले मेले में 22 लाख से ज्यादा लोग परिवार सहित मेला देखने पहुंचे। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा- यह शहरवासियों का प्यार और आशीर्वाद है, जो हर बार की तरह इस बार भी भरपूर मिला।



दीप प्रज्जलित करते सांसद शर्मा, वीरानी, यादव और पदाधिकारी।

### मेला आयोजकों की प्रशंसा, सहयोगियों का सम्मान

मुख्य अतिथि मेला के संरक्षक और सांसद आलोक शर्मा ने रंग-विरंगे गुब्बारे छोड़कर मेले का समापन किया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि 52 दिनों तक निर्बाध रूप से चले मेले के लिए अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ ही पूरी टीम बधाई के पात्र है। शर्मा ने कहा कि मेला समिति की पूरी टीम पूरे समर्पण भाव से पौने दो महीने तक इस कार्य में जुटी रही। इस मौका मौके पर सांसद आलोक शर्मा ने मेले में सहयोग देने वाले पुलिस प्रशासन, नगर निगम, सफाई कर्मी, फायर ब्रिगेड, बेंडर्स, दुकानदारों के साथ ही मीडियाकर्मियों का सम्मान किया। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ठंड से बचने के लिए अलाव की हो व्यवस्था

**औबेदुल्लागंज।** कड़ाके की ठंड में भी नगर परिषद औबेदुल्लागंज ने जनता को ठंड से बचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। युवा कांग्रेस जिला महासचिव विशाल मदान ने मांग की है कि कड़ाके की ठंड के मद्देनजर समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। नागरिकों के लिए विभिन्न स्थानों पर लकड़ी और अलाव की व्यवस्था की जाए। ठंड से ठिठुर रहे लोग कचरा, पन्नी आदि जलाकर बचाव में लगे हैं। कड़ाके की ठंड में मजदूर, यात्री परेशान है।

### कांग्रेस में ग्रामीण क्षेत्र को मिला महत्व

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज के कई नेताओं का ब्लॉक अध्यक्ष नहीं बन पाए। इस पर प्रेम तालाब पंचायत के इमरत सिंह दरबार नियुक्त किए गए। कांग्रेस ने गुटबाजी खत्म करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के नेता को ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी दी। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में हर्ष है, वहीं कई नेता असमंजस में है कि कांग्रेस का पद ग्रामीण क्षेत्र में गया। ऐसे ही किसान ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर भी ग्रामीण क्षेत्र से ही नियुक्त हुए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस मजबूत होगी।

### धीरज को प्रथम पुरस्कार के रूप में मिली कार



**संतनगर।** आकाश ज्वेलर्स द्वारा दीपावली के बम्पर ड्रॉ रविवार को खोले गए। फर्म के संचालक सुरेश संभवानी व मुकेश संभवानी ने बताया कि गांधी नगर निवासी धीरज नरसिंघानी का प्रथम पुरस्कार कार के रूप में खुला, जबकि दूसरे नंबर का पुरस्कार एलईडी सागर आहूजा और तीसरा प्राइज़ वॉशिंग मशीन श्वेता चांदवानी की खुली।

### संत हिरदावाणी यू-ट्यूब पर हुई अपलोड

**भोपाल।** एयरपोर्ट रोड पंचवटी एक्सटेंशन में नव वर्ष के प्रारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त रहवासियों ने अपनी यादें ताजा की। इस अवसर पर संत शिरोमणि हिरदाराम का जीवन दर्शन कराती संत हिरदारामवाणी यू ट्यूब पर अपलोड की गईं। लेखिका-कवयित्री हर्षा कन्हैया मूलचंदानी को सम्मानित किया गया। महिला मंडल द्वारा गेम्स का संचालन रंजना अग्रवाल ने किया।

## पीड़ित परिवार का आरोप, मामूली धाराओं के केस दर्ज कर आरोपियों को छोड़ा

# आधा दर्जन बदमाशों ने महिला का सिर फोड़ा, स्कूटर में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े लोगों के घरों में घुसकर पूरे परिवार पर हमला कर रहे हैं।

ताजा मामले में बदमाशों ने एक परिवार को लहूलुहान कर दिया। रात में स्कूटर में आग लगा दी और खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बावजूद पुलिस ने इसे सामान्य घटना बताते हुए मामूली मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को थाने से छोड़ दिया।

पीड़ित परिवार ने बागसेवनिया थाना पुलिस पर आरोपियों से सांठगांठ का सनसनीखेज आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अखिलेश साहनी बागसेवनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बागमुगालिया की क्षिप्रा कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। अखिलेश ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले बदमाश अनुज, पवन, धर्मेंद्र, संदीप, भीम और उनके साथियों ने दिन में घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला किया। हमले में उनका एक पैर पूरी तरह टूट गया, जबकि शरीर के अन्य अंगों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

आरोपियों ने उनकी पत्नी सुमन साहनी के सिर पर भी डंडे से वार कर सिर फोड़ दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### आग से बकरा भी झुलस गया

फरियादी अखिलेश साहनी ने बताया कि बदमाशों के खिलाफ उन्होंने बागसेवनिया थाने में शिकायत की, लेकिन पति-पत्नी दोनों पर हुए जानलेवा हमले के बावजूद पुलिस ने गंभीर धाराएं नहीं लगाईं। आरोप है कि पुलिस आरोपियों को थाने लेकर गई और उन्हें कुछ ही देर में छोड़ दिया। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी रात में फिर आए और घर के बाहर खड़ी उनकी एक्टिवा को आग के हवाले कर दिया। स्कूटर में लगी आग की चपेट में आने से उनका एक बकरा भी आंशिक रूप से झुलस गया।

### बदमाशों ने घर जलाने की दी धमकी

*सुमन साहनी ने आरोप लगाया कि उक्त सभी आरोपी युवक बदमाश प्रवृति के हैं और अवैध गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने इन बदमाशों को शराब पीकर मोहल्ले में हंगामा करने से मना किया था। संभवतः इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उनके और उनके पति पर जानलेवा हमला किया। सुमन ने बताया कि घटना के समय उनके बच्चे काम पर गए हुए थे, नहीं तो उनके साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। बदमाशों ने धमकी दी है कि यदि आवाज उठाई तो घर जला देंगे।*

### यात्रियों के बैग चोरी करने वाले आरोपियों के पास से लाखों का सामान जब्त

## जीआरपी ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीआरपी ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात सहित कीमती मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया गया है। बरामद माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी जहीर खान के मुताबिक, श्रीकांत कुमार निवासी सिवान ने पिछले साल 14 दिसंबर को थाना जीआरपी भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे 13 दिसंबर को भोपाल स्टेशन पर सो गए थे। जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब था। मामले की जांच के लिए थाने की दो टीमें गठित की गई थीं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी समीर खान और अमन खान को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से माल जब्त कर लिया।

### टोल कर्मियों से मारपीट का आरोप

11 मील टोल नाके पर अज्ञात युवकों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि फ्री में गाड़ी क्रॉस नहीं होने दी जाने के बाद पहले एक युवक ने टोल पर हंगामा किया था। तब टोलकर्मियों ने इस युवक के साथ मारपीट कर दी थी। जिसका बदला लेने की नीयत से हंगामा मारपीट की। वीडियो फुटेज सहित मिसरोद थाने में टोलकर्मियों द्वारा शिकायत की गई है। पुलिस जांच कर रही है। दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

**बिना टोल दिए वाहन निकालने को लेकर विवाद, थाने पहुंची शिकायत**

### यासीन मछली हमीदिया में भर्ती, चल रहा इलाज

**भोपाल।** ड्रग तस्करी और नाबालिग से रेप के मामले में जेल में बंद कुख्यात यासीन अहमद उर्फ मछली एक बार फिर चर्चा में है। बीते साल 24 दिसंबर से यासीन भोपाल के हमीदिया अस्पताल में गंभीर बताकर भर्ती है। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे यूटीआई संबंधी बीमारी है। कोर्ट के आदेश पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि, जेल प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यासीन को कोई गंभीर बीमारी नहीं है। इस बात की लिखित जानकारी न्यायालय को दी जा चुकी है। जेल सुप्रीटेंडेंट राकेश भांगरे के मुताबिक यासीन को जेल में रहते यूरिन में साधारण इंफेक्शन की शिकायत थी। जिसका जेल में ही उपचार करा दिया गया और उसे आराम भी मिला। हालांकि उसके परिजनों की ओर से न्यायालय में आवेदन देकर इलाज बाहर किसी अस्पताल में कराने की मांग गई। तब कोर्ट उसे बीमारी संबंधी जानकारी पत्राचार के माध्यम से मांगी गई।

## सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एडवांस्ड हाईटेक स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने भोपाल का पहला 'इंजरीलेस' एडवांस्ड हाईटेक स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक का उद्घाटन अरेरा कॉलोनी में ओल्ड कैंपियन स्कूल के सामने एचडीएफसी बैंक के समीप अपने सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किया। स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. निर्भय श्रीवास्तव गांधी मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन व मध्य प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा के पूर्व डायरेक्टर ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में एसएमएच के डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल, एसएमएच के ऑर्थोपेडिक्स, ट्रॉमा सर्विसेज और स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट के वरिष्ठ कंसलटेंट डॉ. मनोज नागर और एसएमएच के फिजियोथेरेपी सर्विसेज के कंसलटेंट डॉ. गौरव मेहरा, कई डॉक्टर, स्पोर्ट्सपर्सन उपस्थित रहे।



## गंदगी से भरी नालियों में बिछी है पानी की पाइप लाइनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज के कई वार्डों में गंदगी से भरी नालियों में पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है। वार्ड 13, 14, 10, 11, 12 और 8 आदि में यह पाइप लाइन देखी जा सकती है। इन पाइप लाइनों से घरों में गंदा, कीचड़ युक्त बदबूदार पीने का पानी आता है। इसकी शिकायत महिलाएं कई बार कर चुकी है।

महावीर कॉलोनी वार्ड 2 में गंदा पीने का पानी नलों में आता ही रहता है। इस दूषित पानी के पीने से गले की बीमारी, खांसी एवं पेट के रोग बढ़ते जा रहे हैं। नगर परिषद के जिम्मेदारों को इस और ध्यान देना चाहिए एवं इंदौर में हुई घटना से सबक लेना चाहिए। हरिभूमि टीम को कई लोगों ने नालियों में से बिछी पाइप लाइन से पीने के पानी आने के दृश्य दिखाए। स्वच्छता अभियान के एम्बेसडर भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा, भाजपा नेता वचन लोधी, अर्जुन नगर एडवोकेट महेंद्र धाकड़, वार्ड 9 पूर्व पार्षद पदम चौहान, संजय सिंह चौहान, सर्वेश गौर, कांता पटेल, धर्मेंद्र चौरसिया, आरती यादव आदि ने शिकायत की है।

### धाकड़ समाज के चुनाव संपन्न

## धाकड़ समाज के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए नागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

धाकड़ गार्डन में सर्वसम्मति से धाकड़ समाज के चुनाव हुए। जिसमें पूर्व अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी का कार्यकाल पूरा होने पर नारायण सिंह पटेल दीवाटिया की अध्यक्षता में धाकड़ समाज मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष चन्द्रसिंह नागर व धाकड़ समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट चुने गए। इस अवसर पर अशोक पटेल, विजय धाकड़, कालूराम नागर, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, भाजपा के वरिष्ठ तेज सिंह नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, व्यापार महासंघ के वरिष्ठ राजू भाई पटेल, रामेश्वर नागर, नरेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, राहुल नागर, उमेश नागर, कुंवर सिंह नागर, शशांक धाकड़ आदि लोग मौजूद रहे।

## वैश्य कैलेंडर 2026 का विमोचन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप



मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की बैठक में कैलेंडर का विमोचन करते पदाधिकारी।

मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2026 के बहुरंगीय कैलेंडर का प्रकाशन औद्योगिक नगर में किया गया। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

वैश्य महासम्मेलन गौहरगंज तहसील अध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रम, संगठन विस्तार पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष विनोद जैन आरएनजी ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित कर वैश्य महासम्मेलन का विस्तार करते हुए जिले की प्रत्येक तहसील में वैश्य समाज बधुओं के सुख दुःख की चिंता की जाएगी। सभी पदाधिकारियों को तहसील स्तर तक सदस्यता वृद्धि पर विशेष ज़ोर देने के लिए कहा गया। विनोद जैन ने कहा कि कैलेंडर का वितरण पदाधिकारियों का सदस्यों से सम्पर्क का प्रमुख माध्यम भी है, इसलिए इस कार्य को प्रमुखता से करें। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के संभाग मीडिया प्रभारी अमित जैन ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश का उद्देश्य सभी वैश्य घटकों को संगठित करना है, क्योंकि वर्तमान समय में संगठन की महत्वता है। संगठन हमें सुरक्षा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। पूरे मध्य प्रदेश में 1 लाख से अधिक बहुरंगी बहु उपयोगी कैलेंडर सदस्यों को वितरित किए जाते हैं। युवा अध्यक्ष संयम जैन ने कैलेंडर की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री मनीष जैन, तहसील उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन, युवा जिला उपाध्यक्ष आशु जैन सहित मातृशक्ति मौजूद रही।

## स्वस्थ रहने के लिए डिजिटल डिटाक्स सहित दिए टिप्स



शिविर में जानकारी लेते गणमान्य नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में पंच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश से मरीज़ों का उपचार किया गया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने कहा कि शिविर में शरीर शुद्धिकरण के साथ-साथ विचारों का भी शुद्धिकरण होता है, हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए कि हम स्वस्थ है और हमेशा स्वस्थ रहेंगे। शरीर में गंदगी का जमा होना और बीमारियों से निजात पाने के लिए एनिमा, उपवास व अपक्वाहार का विशेष महत्व है। जो प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा संभव है। यहां पर मानसिक, शारीरिक व डिजिटल डिटाक्स कराया जाएगा। डिजिटल डिटाक्स जैसे मोबाइल, लेपटाप आदि से परहेज करेंगे।

### पुलिस कमिश्नर मिश्र ने जारी किया आदेश

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और कमेंट पर सख्ती, भ्रामक सूचना पर जीरो टॉलरेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोशल मीडिया के जरिए साम्प्रदायिक तनाव और सामाजिक वैमनस्य फैलाने की आशंकाओं को देखते हुए पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ, धार्मिक, जातिगत और सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले संदेशों, फोटो, वीडियो और ऑडियो के प्रसारण पर पूर्ण रोक लगाई गई है। पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा समाज के ताने-बाने को तोड़ने के प्रयास सामने आए हैं। फेसबुक, वाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट, छेड़छाड़ किए गए फोटो-वीडियो और भड़काऊ ऑडियो संदेशों के जरिए दो समुदायों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की जाती है। कई बार इन पोस्टों का मकसद लोगों को एक जगह इकट्ठा करना और किसी समुदाय विशेष के खिलाफ माहौल बनाना होता है। इससे भोपाल शहर की सामुदायिक सद्भावना और कानून-व्यवस्था पर सीधा असर पड़ सकता है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो हालात बिगड़ सकते हैं।

### पोस्ट से ज्यादा संवेदनशील कमेंट और क्रॉस कमेंट

आदेश में विशेष रूप से यह उल्लेख किया गया है कि कई मामलों में पोस्ट से ज्यादा खतरनाक उस पर आने वाले कमेंट और क्रॉस कमेंट होते हैं। सोशल मीडिया पर लोग बिना जिम्मेदारी के द्वेषपूर्ण, अश्लील और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। यही कमेंट्स धीरे-धीरे इंटरनेट पर सोशल मीडिया वॉर का रूप ले लेते हैं, जो वास्तविक दुनिया में हिंसा और तनाव का कारण बन सकते हैं।

## किसान कांग्रेस की 'जन आंदोलन यात्रा' आज से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए बड़ा ऐलान किया है। 'बीज से बाजार तक, खेत से सरकार तक' के नारे के साथ 'किसान जन आंदोलन यात्रा' आज सोमवार से भोजपुर मंदिर से शुरू होगी। इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की आवाज को बुलंद करना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है।

रायसेन जिले में किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह ने बताया कि यात्रा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के शिव मंदिर भोजपुर से प्रारंभ होगी। जिसमें प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी इस यात्रा में हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यात्रा भोजपुर से शुरू होकर सतलापुर, मंडीदीप होते हुए दाहोद पहुंचेगी। रघुवंशी ने बताया कि संगठन किसानों के हित में सरकार से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 4000 रुपए प्रति क्विंटल, धान का एमएसपी 4000 रुपए प्रति क्विंटल करने सहित सोयाबीन का एमएसपी 6000 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की जाएगी। इसके अलावा किसानों को सही खाद बीज दिलाने की मांग सरकार से की जाएगी।

## लोगों ने विधायक पटवा को मंत्री बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



भोजपुर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा की सक्रियता एवं सकारात्मक सोच ने उन्हें रायसेन जिला भोजपुर क्षेत्र में लोकप्रिय बनाया है। युवा नेता जीतू नंदवंशी, पवनजोत सिंह खालसा, कमलेश चौहान तामोट जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल, रामपाल, रामकिशोर नंदवंशी, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने बताया कि 2008 से लगातार भोजपुर क्षेत्र से सुरेंद्र पटवा विधायक हैं और भोजपुर क्षेत्र में हर पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका में लोकप्रिय नेता, बेटा एवं भाई बनकर कार्य कर रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र बबलू अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र गिरी, जिला भाजपा मंत्री मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, हजारों लोगों की आशा है कि सुरेंद्र पटवा को मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल में लिया जाए।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मिलकर शासन की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी, योजनाओं पर आधारित पुस्तकें सीएम ने की भेंट

## बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष एवं नया वर्ष कृषि वर्ष के रूप में बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इस की थीम 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था। कृषि वर्ष 2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां अगले तीन साल का लक्ष्य तय कर संचालित की जा रही हैं। राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की शाम लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल ने मुख्यमंत्री को 13 दिसम्बर को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने की बधाई दी। राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने मप्र शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें भेंट की।

मप्र में बीते दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसान कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सभी विभागों की सहभागिता होगी। कृषि वर्ष में किसानों को अन्य राज्यों एवं विदेशों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से रूबरू भी कराया जाएगा।

### खास बातें

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री में हुई समसामयिक विषयों पर चर्चा
- कृषि वर्ष में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां का अगले तीन साल का लक्ष्य तय किया गया

### औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा


राज्यपाल से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि विश्व आर्थिक मंच 2026 की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 में स्विट्जरलैंड के दावोस में होने जा रही है। इसका विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' है। इसमें प्रदेश में पीथमपुर जैसे ऑटो क्लस्टर्स की औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और रीवा अल्ट्रा मेगासोलर प्रोजेक्ट से राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को प्रस्तुत किया जाएगा।

**34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) की ओर से किसानों के लिए सोलर पंप योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में यह योजना प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना' प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के नाम से संचालित है। प्रदेश के 33 हजार किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने के लिए कार्यादेश हो चुके हैं। करीब 34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड भी इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना से प्रदेश के 52 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी दी

*राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी भी दी। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री ने बताया कि जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान, स्वामी रामभद्राचार्य महाराज भी इसमें शामिल हुए हैं। श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए। इसमें 25 सेशन होंगे, जिसमें देश-विदेश के 60 वक्ता के विचार सुनेंगे। उन्होंने बताया कि जबलपुर में ही 2 जनवरी को गीता भवन का लोकार्पण हुआ। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। पूरे प्रदेश मे सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना सहित लोकभवन के अधिकारी भी उपस्थित थे।*

---

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण अविनाशी विश्वास का अद्भुत प्रतीक

**बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि शाश्वत हैं हमारे भगवान शिव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि, शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है।

सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के रवींद्र भवन-मुक्ताकाश परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने रूद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की।

**रवींद्र भवन परिसर में सीएम कर रहे थे संबोधित**

**प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की**



जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं। शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं। सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं। जबकि सदैव विश्व के कल्याण की कामना करने वाली भारतीय संस्कृति, संसार को एक परिवार मानते हुए आगे बढ़ रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जहां एक ओर श्री सोमनाथ महादेव का पुनर्निर्माण कराया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की स्थापना की। उज्जैन में महाकाल जन-जन की श्रद्धा के केंद्र के रूप में विद्यमान हैं। यह इस तथ्य को स्थापित करता है कि सनातन आदि और अनंत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का आध्यात्मिक ज्ञान, उनकी आत्मीयता और मानवमात्र के प्रति प्रेम, सम्मानीय है। उनकी ओर से प्रसारित, सांस लेने की लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की तकनीक ने कई लोगों के जीवन से तनाव, चिंता और अवसाद जैसे जटिल विकारों का निदान किया है।

### उद्योग प्रतिनिधियों से करेंगे संवाद

## मुख्यमंत्री आज जयपुर में टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मप्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जो उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की विस्तृत रूपरेखा वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण करेंगे। मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीईओ, निवेशकों और वैश्विक उद्योग प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा करेंगे। टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में सशक्त भागीदारी कर रहा है। यह भागीदारी गत 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप है।ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार और उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

### दुर्गावती की कर्मभूमि पर शुरू हुए गीता भवन



गीता भवन।

## आधुनिक व प्राचीन ज्ञान विज्ञान का अनूठा संगम हैं गीता भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम नागरिकों में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने प्रदेश में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। यह केन्द्र मात्र एक भवन की संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत वैचारिक अध्ययन का केन्द्र है। इनमें आधुनिकता और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम में युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तेजी से पूर्ण हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के पहले गीता भवन का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी इन्दौर में और दूसरा गीता भवन वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में शुरू हो चुका है।

### श्रीकृष्ण पाथेय के माध्यम से कान्हा की लीलाओं और ज्ञान का प्रसार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धामों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के पास ग्राम नारायाणा, धार जिले का अमझेरा और रजोभूमि बदनावर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रात्रि विश्राम किया था। साथ ही इंदौर के पास जानापाव जहां से उन्होंने विनम्रता का संदेश दिया था। इन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता भवन राज्य की उस बड़ी पहल का हिस्सा है।*

---




### कोई नेता 'जवाबदारी' लेने को तैयार नहीं?

कई साल से लगातार स्वच्छता आवार्ड लेने वाला इंदौर दूषित जल पीने से हुई मौतों से लगा दाग कैसे धो पाएगा, यह बड़ा सवाल है। किसी को तो नैतिकता का परिचय देते हुए जवाबदारी लेने के लिए आगे आना चाहिए था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव यह कह कर जवाबदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए कि अधिकारी उनकी सुन नहीं रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने इसके लिए सभी को जवाबदार ठहराते हुए महापौर से कहा कि यदि अफसर आपकी नहीं सुन रहे तो आप बैठकों में बिसलरी से पानी क्यों पीते हैं, पद क्यों नहीं छोड़ देते? इससे पहले प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया था कि यह नगर निगम की जिम्मेदारी है। पानी नगर निगम पहुंचाता है, हमारा काम नहीं है। कोई नेता जवाबदारी लेने तैयार नहीं।

### एक घटना ने किया शर्मसार, दूसरी ने बचाई इज्जत

बीते सप्ताह लोगों को पत्रकारिता और पत्रकारों के दो चेहरे देखने को मिले। इनमें से पहली घटना ने शर्मसार किया जबकि दूसरी ने पत्रकारों की इज्जत बचाई। पहला वाकया राजधानी का है जहां एक मंत्री की पत्रकार वार्ता में कथित पत्रकार एक बैग हासिल करने के लिए हंगामा, धक्का-मुक्की और छीना-झपटी करते नजर आए। दूसरी घटना इंदौर में हुई जब एक पत्रकार के सवाल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गलत भाषा का उपयोग किया। यहां पत्रकार ने जो भूमिका अदा की, उससे वे तो चर्चित हुए ही, लगभग हर पत्रकार का सीना गर्व से फूला। विजयवर्गीय को बिना देर किए अपनी भाषा के लिए खेद व्यक्त करना पड़ा।

### कमलनाथ के बाद अब दिग्विजय भी हो गए संदिग्ध

दिग्विजय सिंह भाजपा और आरएसएस की तारीफ के बाद बने हालात से संदिग्धों की श्रेणी में आ गए। सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिग्विजय को भाजपा में शामिल होने का न्यौता दे डाला। कैलाश विजयवर्गीय ने दिग्विजय की पीठ थपथपाते हुए कह दिया कि उन्होंने सरदार पटेल की तरह कांग्रेस में रह कर सच बोलने की हिम्मत दिखाई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दिग्विजय यदि भाजपा में आते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। इन बयानों के बाद दिग्विजय को कांग्रेस में शंका की दृष्टि से देखा जाने लगा। कमलनाथ पहले ही भाजपा की ऐसी रणनीति के शिकार हो चुके हैं।

### श्योपुर में भी बनने लगे गुटबाजी के हालात

श्योपुर में राम निवास रावत और विधायक सीतारात आदिवासी के बीच तनातनी उफान पर है। सीताराम ने आरोप लगाया है कि उन्हें बैठकों में नहीं बुलाया जाता। कांग्रेस से आए राम निवास कलेक्टर के बगल में बैठते हैं । रावत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए थे। प्रदेश सरकार में उन्हें वन मंत्री बनाया गया लेकिन विधानसभा के उप चुनाव में वे हार गए थे। सीताराम का कहना है कि विधायक मैं हूं और मंत्री का दर्जा भी मेरे पास है लेकिन चल रावत की रही है। भाजपा को लोकसभा चुनाव रावत ने नहीं, मेरे क्षेत्र के आदिवासियों ने जिताया है। संकेत साफ हैं कि यदि भाजपा नेतृत्व ने इस ओर जल्दी ध्यान न दिया तो चंबल अंचल में यह विवाद बड़ा रूप ले सकता है। सागर में ऐसे हालात से पार्टी बड़ी मुश्किल से निपट रही है।

### नागदा को लेकर केबीसी में ये क्या बोल गए महानायक?

'कौन बनेगा करोड़पति' के शो के एक एपीसोड में मप्र के नागदा को लेकर जो जानकारी महानायक अमिताभ बच्चन के जरिए परोसी गई, वह सच नहीं थी। कार्यक्रम में बताया गया कि मप्र के मालवा क्षेत्र में एक छोटा-सा गांव नागदा है। यह गांव पानी की किल्लत से जूझ रहा था। इसे दूर करने चंबल नदी पर आदित्य बिड़ला ग्रुप ने बांध, नए आरओ सिस्टम बनाए। अब 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के खेतों में सिंचाई हो रही है। यह भी बताया गया कि ग्रेसिम ने जनसेवा ट्रस्ट का हॉस्पिटल बनाया, जिसमें एक लाख 4 हजार मरीजों का प्रतिवर्ष उपचार हो रहा है। हकीकत यह है कि नागदा एक छोटा गांव नहीं है। इसकी आबादी लगभग एक लाख 30 हजार है। यहां लोगों को कभी पानी की किल्लत से नहीं जूझना पड़ा। बिड़ला कंपनी ने बांध किसानों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि स्वयं का उद्योग चलाने के लिए बनाया है। जहां तक ग्रेसिम जनसेवा चिकित्सालय का सवाल है तो यहां आम लोगों का इलाज पैसे लेकर होता है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## आप विधायक सोमनाथ भारती पर एफआईआर, भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ भोपाल क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारती ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाई।

एफआईआर मध्य प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, सोमनाथ भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पूर्व ट्विटर) से एक पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में दावा किया गया था कि सतीश उपाध्याय के खिलाफ भोपाल की एक अदालत में परिवाद (शिकायत) लंबित है। सतीश उपाध्याय ने 19 नवंबर 2025 को अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पुलिस कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया पर जो दस्तावेज दिखाए गए। वे असली नहीं हैं बल्कि कूट रचना करके तैयार किए गए हैं। इन दस्तावेजों को जानबूझकर सार्वजनिक किया गया ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके।

## राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति में पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव किया पारित

**प्रस्ताव का समर्थन चतुर्वेदी ने किया, जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से किया पारित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्य कर्मचारी संघ की बैठक।

राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त किए गए नवीन शैक्षणिक संवर्ग की पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उक्त प्रस्ताव राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त हुए नवीन शैक्षणिक संवर्ग के सेवावधि की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की मांग की। उक्त प्रस्ताव का समर्थन एनपी चतुर्वेदी ने किया जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से पारित किया। संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह और संभागीय अध्यक्ष कमल बैरागी ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष उक्त संकल्प को दोहराते हुए सरकार से लक्ष्य पूर्ति में सहयोग की मांग की।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी करंगे अध्यक्षता, मौजूद रहेंगे प्रदेश के मंत्री राकेश

# मप्र के राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाओं की समीक्षा आज, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को नई गति प्रदान करने 5 जनवरी को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में बैठक होगी।


नितिन गडकरी

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में शाम 5 बजे होने वाली बैठक में मप्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा होगी। इससे केन्द्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही आम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक सड़क अवसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह, मप्र लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में मप्र में संचालित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से वे परियोजनाएं जो भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियों अथवा अन्य कारणों से प्रभावित या लंबित हैं, उन पर विस्तार से चर्चा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों को शीघ्र गति प्रदान की जा सके। मप्र में वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के तहत 33 कार्य तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत 28 कार्य प्रगतिरत हैं। इस प्रकार प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कुल 61 परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वयन की अवस्था में हैं।

### वित्तीय वर्ष में परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन

समीक्षा बैठक में वार्षिक योजना 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित एवं प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिससे आगामी वित्तीय वर्ष में परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं समन्वित निगरानी को और सुदृढ़ किया जा सके। मप्र में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 9,300 किमी से अधिक है, जो राज्य की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास, पर्यटन विस्तार तथा सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैठक में मप्र की भविष्य की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को और अधिक व्यापक, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाया जा सके।

**सड़क कनेक्टिविटी होगी और व्यापक**

## पेज एक का शेष....

### अभी 'धुंध' से ....

लिए लिया गया है। प्रदेश के 16 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल एनके अहिरवार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि यह व्यवस्था सरकारी, प्राइवेट, सीबीएसई, आईसीएसई और अनुदान प्राप्त एवं अन्य सभी स्कूलों पर अगले आदेश तक लागू रहेगी। प्रदेश में बढ़ रही सर्दी के बीच रविवार को नौगांव में रात का पारा सर्वाधिक 8 डिग्री गिरकर 2.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह नॉर्मल से 4.5 डिग्री कम है। दिन का पारा 18.5 डिग्री रहा। यहां सीवियर कोल्ड डे रहा, जबकि ग्वालियर, दतिया, राजगढ़, खंडवा, रतलाम और श्योपुर में कोल्ड डे दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन में सर्दी और कोहरे का असर कम नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी हवाओं का असर जारी है, हवा में पर्याप्त नमी है, जिससे दो से तीन दिन कोहरे और सर्दी का असर बढ़ेगा। भोपाल में भी अभी सर्दी कम होने वाली नहीं है।

**16 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित**

सर्दी को देखते हुए प्रदेश के 16 जिलों में नर्सरी से लेकर आठवीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की जा चुकी है, जबकि भोपाल और धार में बच्चों को राहत देने के लिए स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है। जिन जिलों में छुट्टी घोषित किया गया है, इनमें इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, शाजापुर, विदिशा, ग्वालियर, अशोकनगर, रायसेन, आगर मालवा, टीकमगढ़, हरदा, नीमच, रतलाम, राजगढ़, मंडला और जबलपुर में नर्सरी से आठवीं तक कहीं दो तो कहीं तीन दिन तक स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

### अब कोलंबिया के ...

का नाम लिए बिना पेट्रो ने वॉशिंगटन की कार्रवाई को लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला बताया था। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने कहा था कि इससे मानवीय संकट पैदा होगा। गुस्तावो पेट्रो, ट्रंप द्वारा कैरिबियन में कथित मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले जहाजों से निपटने के लिए किए गए सैन्य तैनाती के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी रणनीति के तहत वे कोलंबिया में मादक पदार्थों के उत्पादन की प्रयोगशालाओं पर हमला करने से इनकार नहीं करेंगे। यूएस राष्ट्रपति के इस बयान की पेट्रो ने आक्रमण के खतरे के रूप में निंदा की थी। ट्रंप ने कहा कि पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी प्रभुत्व पर अब कोई सवाल नहीं उठेंगे। हम अच्छे पड़ोसियों से घिरे रहना चाहते हैं। हम स्थिरता से घिरे रहना चाहते हैं। हम ऊर्जा से घिरे रहना चाहते हैं। उस देश में हमारे पास अपार ऊर्जा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इसकी रक्षा करें। हमें इसकी अपने लिए आवश्यकता है। वेनेजुएला के लिए भविष्य की योजनाओं पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपनी तेल कंपनियों को वहां भेजेगा और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त तेल के बुनियादी ढांचों की मरम्मत के लिए अरबों डॉलर खर्च करेगा, जिससे वेनेजुएला को काफी फायदा पहुंचेगा।

### वेनेजुएला में तेल ....

वेनेजुएला में सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र का संयुक्त रूप से संचालन करती है, लेकिन लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित हो गई। इससे वेनेजुएला में तेल भंडारों में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ और अब यह घटकर सिर्फ पांच हजार से लेकर 10 हजार बैरल प्रतिदिन तक घट गया है।

### भारत ने कहा-....

भी तरह की हिंसा या टकराव से हालात और बिगड़ सकते हैं। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करता रहेगा।

### जाति प्रमाण-पत्र पर ...

के आधार पर एसडीएम अर्चना शर्मा ने पार्षद को नोटिस जारी किया है। प्रियंका नगर कोलार निवासी सेन ने जो शिकायत की है, उसमें पार्षद सचान के जाति प्रमाण-पत्र के संदिग्ध होने का हवाला दिया गया। इस मामले में एसडीएम ने 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे पार्षद या फिर उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यदि दोनों में कोई भी उपस्थित नहीं होता है तो एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात भी नोटिस में कही गई है।

### एडवोकेट अनिल मिश्रा ...

है। वहीं, कोर्ट ने भी फरियादी को नोटिस भेजा है। आंबेडकर का पोस्टर जलाने को लेकर अनिल मिश्रा समेत 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

2 जनवरी को कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। तीन आरोपियों को ग्वालियर सेंट्रल जेल की पीएमटी बैरक में रखा है, जबकि एडवोकेट अनिल मिश्रा को हेल्थ इश्यू के चलते जेल के अस्पताल में एडमिट किया गया। गौर हो कि 31 दिसंबर को एसपी ऑफिस के सामने अंबेडकर का पोस्टर जलाया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ था। वीडियो के बाद महेंद्र बौद्ध सहित अन्य ने एसएसपी ग्वालियर के सामने शिकायत की थी। जिसके बाद ग्वालियर क्राइम ब्रांच में एडवोकेट अनिल मिश्रा सहित 7 लोगों पर मामला दर्ज किया था।

### युवक को बदमाशों ...

था। पुलिस के अनुसार करैया खेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों ने कुछ दिन पहले एक युवती से छेड़छाड़ की थी। शुभम चौबे ने इसका विरोध किया था। शनिवार रात करीब 8 बजे आरोपी चुन्नी अपने साथियों के साथ बाइक से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचा। उन्होंने शुभम को घर से बाहर बुलाया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### देवास के एसडीएम ....

चौहान को हटाया है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने मंत्री विजयवर्गीय के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी में ड्यूटी लगाने एसडीएम ने आदेश जारी किया था। देवास कलेक्टर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश में कहा कि आनंद मालवीय ने अपने आदेश में आदेश को बिना परीक्षण किए, अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर मुद्दे पर गलत आंकड़ों के साथ जारी किया। अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही, उदासीनता एवं अनियमितता प्रदर्शित करता है। इसी को लेकर आदेश में कहा गया कि उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में आने से म.प्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार आनंद मालवीय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग देवास को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि के दौरान आनंद मालवीय का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय उज्जैन संभाग रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी। उनकी जगह प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा को देवास का नया अनुविभागीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं निलंबन काल में अमित चौहान का मुख्यालय तहसील कार्यालय सोनकच्छ रहेगा। उन्हें भी नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

### भाजपा विधायकों और...

नारेबाजी हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल में भाजपा सांसद आलोक शर्मा के बंगले के बाहर घंटा बजाते हुए पहुंचे। यहां रघुपति राघव राजाराम... भजन गाया। मंदसौर में भी कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सांसद सुधीर गुप्ता के आवास का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान डिप्टी सीएम के बंगले के बाहर कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोक-झोंक हुई। कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर बंगले के गेट तक पहुंच गए।

### टी-20 वर्ल्ड ...

बयान जारी किया गया है। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है।

### खेल मंत्रालय ने ....

के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बीसीबी के अध्यक्ष और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने के बाद बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई थी। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

---

ओल्ड कैंपियन मैदान पर सीएम डॉ. यादव ने किया 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

# कलम का बाउंसर, शब्दों की गुगली और रिपोटर्स का रन रेट लोकतंत्र में लगाता है चार चांदः डॉ. यादव



टूर्नामेंट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पत्रकार साथियों की कलम की बाउंसर, शब्दों की गुगली और रिपोर्टर्स का रन रेट लोकतंत्र में चार चांद लगाता है। हमारा मप्र हमेशा से दमदार खिलाड़ियों और मजबूत पत्रकारों की धरती रहा है। देश हित में पत्रकारिता को दिशा देने वाले प्रदेश के पत्रकारों ने दिल्ली तक को गौरवान्वित किया है। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जैसे कई पत्रकारों का साहित्य और पत्रकारिता में योगदान अनुकरणीय और वंदनीय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल खेल पत्रकार संघ लगातार तीन दशक से इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का निरंतर आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में क्रिकेट मैच के साथ- साथ आत्मीयता की भी वर्षा होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं भी इस क्रिकेट टूर्नामेंट में आने की हैट्रिक लगा रहे हैं। क्रिकेट टूर्नामेंट को निरंतरता देने संस्था का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भी संबोधित किया।

### दैनिक भास्कर ने पत्रिका को 54 रन से हराया

इसके बाद टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दैनिक भास्कर ने पत्रिका को 54 रनों से पराजित कर विजयी आगाज किया। दैनिक भास्कर ने तय 20 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में पत्रिका की टीम 16.5 ओवर में 100 रनों पर सिमट गई।

---

रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी को 97 रन से हराया

# विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने जीता प्रथम अंडर-12 निखिल कुशवाह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंडर-12 प्रथम निखिल कुशवाह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का रेलवे ग्राउंड में गत दिवस फाइनल मैच विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी एवं रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें तय 30 ओवर में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने 169 रन बनाए। जिसमें विनम्र ने 45 और मेधांश उइके ने 43 रन बनाए। रेल्वे यूथ के मूसा ने 2 और मान ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेलवे यूथ की टीम 22 ओवर में 72 पर ही ढेर हो गई। इनमें युग ने 27 और रीतम 13 रन बनाए। सारंग अकादमी से कबीर ने 5 और हर्षिका व अयांश ने 1-1 विकेट लिए। कबीर मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। वहीं बेस्ट बैट्समैन रहे रेलवे यूथ के युग सुनिया, बेस्ट बॉलर होप के अर्पित, बेस्ट विकेटकीपर रहे रेलवे गर्वित के राजवीर नगर। वहीं मैन ऑफ़ द थे सीरीज रहे विश्वास सारंग अकादमी के विनम्र।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम और अतिथि।

### 11वां लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 9 जनवरी से

**भोपाल।** लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का 11वां संस्करण 9 से 14 जनवरी तक पुलिस जिम्नेज़ियम हॉल, जहांगीराबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अंडर 7 आयु वर्ग से मास्टर्स 70+ आयु वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही स्वीकार होंगे, जिसकी लिंक टूर्नामेंट के पोस्टर पर अंकित है। यह पोस्टर भोपाल के सभी क्लबों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए गए हैं। स्पर्धा में हर दिन 'प्लेयर ऑफ़ द डे' का पुरुस्कार भी दिया जाएगा, साथ ही समापन अवसर पर विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। एक खिलाड़ी केवल 2 इवेंट्स में ही भाग ले सकेगा। गौरतलब है कि पुलिस जिम्नेज़ियम हॉल का रेनोवेशन कार्य चलने के कारण पिछले दो वर्षों से यह आयोजन नहीं हो सका था, लेकिन अब हॉल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं समिति भी आयोजन की तैयारी के लिए जुटी हुई है।

- अंडर 7 आयु वर्ग से मास्टर्स 70+ आयु वर्ग के होंगे मुकाबले

---

4600 किमी की यात्रा में 100 शहरों में रोपे 1 लाख पौधे

# 'पेडल टू प्लांट' में अंजना ने 62 दिन में की 7 राज्यों की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने 31 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की साइकिल यात्रा में 7 राज्यों में जाकर शहरों में एक लाख पौधे रोपे। अंजना ने हरिभूमि को अपनी इस सफलता के बारे में बताया कि हमारी 4600 किमी की यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुई और असम राइफल्स ने हमें शुभकमनाएं देकर यात्रा शुरू की।

उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर से शुरू हुई यह यात्रा 31 दिसंबर को गुजरात मुद्रा पोर्ट पर समाप्त हुई जहां अदानी ग्रुप ने हमारा सम्मान किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भोपाल में मिशन "पेडल टू प्लांट" को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया था।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस अद्भुत मिशन की सराहना की, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने टीम के इस प्रेरणादायक अभियान की प्रशंसा की।





मुद्रा पोर्ट पर साइकिल से पहुंचीं अंजना। दूसरे चित्र में पौधरोपण करते हुए।

### दीवानगंज की पहाड़ियों से शुरू हुआ सफर

अंजना ने बताया कि उनका बचपन रायसेन जिले के एक छोटे से गांव सेमरी में बीता और कोरोना के दौरान जब सब तरफ लॉकडाउन था, उस समय उन्होंने नजदीकी नगर दीवानगंज की पहाड़ियों पर चढ़ना जो शुरू किया, उसके बाद से उनका पर्वतारोहण आज तक जारी है। अंजना ने बताया कि इसके बाद उन्होंने कुल 20 पर्वतों पर चढ़ाई की है। अंजना ने बताया कि इसके बाद उन्होंने 15 अगस्त 2023 को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्बोरस फतह की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट कोसियस्ज़को 15 अगस्त 2024 को पूरी की। वहीं मलेशिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट किनाबालु पर भी चढ़ाई की है।

### अब नया लक्ष्य माउंट एवरेस्ट

जब हरिभूमि ने उनके अगले लक्ष्य के बारे में पूछा तो अंजना ने बताया कि मेरा नया लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर इसी साल 2026 में जाना है।















### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

---


### शब्द पहेली - 6099



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -6098 का हल**



### सूडोकू नवताल - 6109

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6108 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप



### शोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी शोभा लिमिटेड ने बताया कि मजबूत आवास मांग के बीच चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 52 प्रतिशत बढ़कर 2,115.2 करोड़ रुपये हो गई। बेंगलुरु स्थित शोभा लिमिटेड ने पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,388.6 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची थी। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने दिसंबर तिमाही में अब तक का सबसे अधिक 2,115 करोड़ रुपये का रियल एस्टेट बिक्री मूल्य दर्ज किया।

### डी-मार्ट की आय 13% बढ़कर 17,612 करोड़

**नई दिल्ली।** खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर आय 13.15 प्रतिशत बढ़कर 17,612.62 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से आय 15,565.23 करोड़ रुपये थी। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शुक्रवार को बीएसई को अपने आय संबंधी विवरण की जानकारी दी।




### बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ करेगी पेश

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा।



### गुवाहाटी में कपड़ा मंत्रियों का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में बृहस्पतिवार से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सम्मेलन का विषय 'भारत का कपड़ाः बुनाई विकास, विरासत और नवाचार' है। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्रीय और राज्य कपड़ा मंत्रियों तथा केंद्र एंव राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना है।



### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आयातकों द्वारा काफी लंबे समय से जारी, सोयाबीन डीगम तेल की आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के परिणामस्वरूप डीगम तेल का आयात घटने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। इस साप्ताहिक मजबूती को तेल कीमतों के उछाल के रूप में नहीं समझना चाहिये क्योंकि सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली और बिनौला जैसे तिलहन के दाम अपने-अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से पर्याप्त नीचे बने हुए हैं।



# भारत में बंद होने जा रही टोयोटा की पापुलर कार इनोवा क्रिस्टा, दो दशक किया राज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

टोयोटा इनोवा वह गाड़ी थी जिसने भारत में एमपीवी सेगमेंट को परिभाषित किया था। इनोवा और इनोवा क्रिस्टा ने मिलकर बीते दो दशकों से इस सेगमेंट पर राज किया है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि यह एमपीवी अपने लाइफ साइकल के अंत की ओर बढ़ रही है। ऑटोकार की रिपोर्ट के मुताबिक, टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करने की तैयारी कर रही है। इनोवा क्रिस्टा आज भी उन खरीदारों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो एक समझदारी भरी, बिना झंझट वाली प्रीमियम एमपीवी चाहते हैं, जो भरोसेमंद हो। हालांकि, आने वाले सख्त कैफे 3 नियमों की वजह से क्रिस्टा को बंद किया जा रहा है। टोयोटा ने पहले ही इन नए नियमों के लिए रणनीति बना ली है और पेट्रोल हाइब्रिड्स को अपना रास्ता चुना है। आने वाले मेनेक्स में टोयोटा की लाइनअप में और भी हाइब्रिड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। इनोवा हाईक्रॉस इसका एक उदाहरण है।

## टोयोटा मार्च 2027 तक इनोवा क्रिस्टा एमपीवी को बाजार से बंद करेगी

### हाइब्रिड पोर्टफोलियो

हाइब्रिड पोर्टफोलियो से टोयोटा को सुपर क्रेडिट्स मिलेंगे, जो किसी भी कार निर्माता के लिए फायदेमंद हैं, खासकर जब वह कैफे 3 नियमों को पूरा करने का लक्ष्य रखता है। हर मजबूत हाइब्रिड वाहन को कैफे लकुलेशन में दो वाहनों के बराबर गिना जाता है, जिससे कंपनी के लिए अपने फ्लीट के सीओ टारगेट्स को पूरा करना आसान हो जाता है। फिलहाल, टोयोटा की हर इनोवा हाईक्रॉस हाइब्रिड की बिक्री कंपनी के कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल कंजम्पशन को डीजल एसयूवी और एमपीवी की तुलना में दोगुना कम कर रही है।



### फॉर्च्युनर का क्या होगा?

अगर अन्य मॉडलों से तुलना करें तो इनोवा क्रिस्टा जैसी डीजल एमपीवी फ्यूल कंजम्पशन बढ़ाने में योगदान देती है, और यही वजह है कि टोयोटा ने क्रिस्टा को बंद करने का फैसला लिया है। टोयोटा अब कैफे नियमों के तहत पेट्रोल हाइब्रिड्स पर ज्यादा फोकस करेगी। अभी यह साफ नहीं है कि टोयोटा अपने सभी मॉडलों, जैसे फॉर्च्यूनर, से डीजल इंजन पूरी तरह बंद करेगी या नहीं। हालांकि बाजार में इनोवा हाईक्रॉस मौजूद है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह इनोवा क्रिस्टा के जाने से जो खालीपन आएगा, उसे पूरी तरह भर नहीं पाएगी।

### इनोवा हाईक्रॉस

यह फैसला इनोवा हाईक्रॉस की लांचिंग के समय लिया गया था। लेकिन जब हाईक्रॉस लांच हुई, तो टोयोटा को सेमीकंडक्टर की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब कंपनी ने देखा कि इनोवा हाईक्रॉस की वेटिंग लंबी है और इनोवा क्रिस्टा या डीजल एमपीवी की मांग अब भी बनी हुई है, तो टोयोटा ने क्रिस्टा को फिर से बाजार में उतारने का फैसला किया।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग का सुझाव, कर नीति प्राथमिकता के आधार पर हो दुरुस्त

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर सरकार को कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

■ उपभोग बढ़ाने के नाम पर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

## इससे आयकर व जीएसटी दोनों मदों में राजस्व नुकसान हो रहा

### सरकार को कर नीति सही करना होगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, ''केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है।''



### घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा

गर्ग ने कहा, ''इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।''

### राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह नरम

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है।

### कर नीति सभी प्रकार के निवेश पर समान हो

यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

### बचतकर्ताओं को अपने विवेक से निर्णय लेने दें

गर्ग ने कहा, ''बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई बचत योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।''कर सुधारों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, ''आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए।''

# वेनेजुएला पर अमेरिकी नियंत्रण से मिल सकता है भारत का अटका हुआ बकाया

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



विश्लेषकों और उद्योग सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अमेरिकी नियंत्रण अथवा उसके पुनर्गठन से भारत को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। विश्लेषकों ने बताया कि इस घटनाक्रम के चलते काफी समय से लंबित भारत के लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये की वसूली हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि भारत एक समय वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक था और अपने चरम काल में प्रतिदिन चार लाख बैरल से अधिक का आयात करता था। हालांकि, 2020 में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनुपालन जोखिमों के कारण यह आयात बाधित हो गया था। भारत की प्रमुख विदेश तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) पूर्वी वेनेजुएला के 'सैन क्रिस्टोबल' तेल क्षेत्र का संयुक्त संचालन करती है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण आवश्यक तकनीक, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित होने से वहां उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और व्यावसायिक रूप से उपयोगी भंडार लगभग फंस गए।

### दावों का निपटान लंबित है

वेनेजुएला सरकार ने इस परियोजना में ओवीएल की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी पर 2014 तक देय 53.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभांश अभी तक नहीं चुकाया है। इसके बाद की अवधि के लिए भी लगभग समान राशि बकाया है, किंतु ऑडिट की अनुमति न मिलने के कारण इन दावों का निपटान लंबित है।

### अमेरिका प्रतिबंधों में ढील दे सकता है

विश्लेषकों के अनुसार, यदि अमेरिका वहां के तेल भंडार को अपनी निगरानी में लेता है, तो प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। इसके बाद ओवीएल गुजरात और अन्य क्षेत्रों से रिग एवं अन्य उपकरण भेजकर उत्पादन में वृद्धि कर सकती है। इस समय यह उत्पादन घटकर मात्र 5,000 से 10,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है।

# लग्जरी कार खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद घटी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में 'जीएसटी 2.0' सुधारों के बाद लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं।

■ जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद तीन प्रतिशत की गिरावट आई

वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, ''अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3 प्रतिशत घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं।''



अय्यर ने कहा कि यह उतार-चढ़ाव शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में ज्यादा है, और मर्सिडीज-बेंज इंडिया के ज्यादातर ईवी मॉडल अत्यधिक लग्जरी खंड के हैं।

### कीमतों में औसतन 6.7 फीसदी की कमी आई

बरार ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमतों में औसतन 6.7 प्रतिशत की कमी आई है।

# तंबाकू उत्पादों पर कर वृद्धि से तस्करी का जोखिम

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू पर उत्पाद शुल्क की नई संरचना के साथ करों में अभूतपूर्व वृद्धि से सिगरेट के अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है। इसके चलते देश को महत्वपूर्ण कर राजस्व की हानि भी हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधनों को अधिसूचित किया। इसके तहत एक फरवरी से प्रभावी होने वाले प्रावधानों में सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 40 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त होगा। नतीजतन सिगरेट की विभिन्न श्रेणियों में कुल कर वृद्धि 60-70 प्रतिशत तक हो जाएगी। इस समय कुल कर भार लंबाई के आधार पर लगभग 50-55 प्रतिशत है। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्नीरु ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर 'अवगुण वाली वस्तुओं' पर उत्पाद शुल्क लगाने के प्रस्तावित बदलाव से तंबाकू उत्पादों और सिगरेट की तस्करी बढ़ने की चिंता पैदा हो गई है।

■ सरकार को राजस्व हानि की आशंकाः विशेषज्ञ

# एफआईआई के रुख से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी।



वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।'' पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

### कच्चे तेल पर भी रहेगी नजर

पोनमुडी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

# ओएनजीसी खाली कुओं में करेगी सीओ2 का भंडारण

**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की योजना गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र के खाली हो चुके कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड का भंडारण करने की है। यह कंपनी के पहले पूर्ण स्तर के कार्बन संग्रहण एवं भंडारण (सीसीएस) पायलट और इसकी अकार्बनीकरण रणनीति में एक बड़ा कदम है। अधिकारियों ने कहा कि इस पायलट परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुओं का उपयोग किया जाएगा, ताकि उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में प्रतिदिन लगभग 100 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का भंडारण किया जा सके। सीओ2 को दहेज क्षेत्र के नजदीकी औद्योगिक स्रोतों के साथ ही ओएनजीसी के अपने हजीरा संयंत्र से लिया जाएगा और गांधार के कुओं तक पहुंचाया जाएगा।




# बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषयः इरडा

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में 'गलत बिक्री' एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए 'मूल कारण विश्लेषण' करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, 'अनुचित व्यावसायिक व्यवहार' (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है।

## एल्युमिनियम और कॉपर की कीमतों ने छुआ ऑल-टाइम हाई

# एसी, बाथ फिटिंग और किचन का सामान होगा महंगा!

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल जैसी धातुओं में तेजी से एसी, बाथ फिटिंग और किचन में बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमत 3,000 डॉलर प्रति टन से अधिक हो गई है, जो कि बीते तीन वर्षों में सबसे ऊंची कीमतें हैं। कॉपर का दाम ऑल-टाइम हाई 12,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया कि इन धातुओं विशेषकर कॉपर की कीमतों के उम्मीद से अधिक बढ़ने के कारण कई निर्माताओं की इनपुट लागत बढ़ गई है और वह और अधिक भार वहन करने में असमर्थ हैं, जिसके चलते एसी, किचन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बाथ फिटिंग्स और कुकवेयर के दाम बढ़ सकते हैं।

## कॉपर 12,000 डॉलर प्रतिटन के पार निकल गया

### महंगे हो सकते हैं बाथवेयर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर हाल ही में कॉपर का दाम 1,300 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। मार्जिन को बनाए रखने के लिए कई मैन्युफैक्चरर्स कीमतों में 5-8 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं। बाथवेयर बनाने वाली कंपनियां भी दबाव का सामना कर रही हैं, क्योंकि तांबे पर आधारित धातु पीतल की कीमतों में वित्त वर्ष की शुरुआत से दोहरे अंकों में बढ़ोतरी हुई है।



### कॉपर की कीमत में भारी उछाल

बार-बार आपूर्ति में रुकावटों के बीच कॉपर ने 2009 के बाद से सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। इंडोनेशिया, चिली और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में माइनिंग दुर्घटनाओं और चिली की एक बड़ी खदान में मजदूरों की हड़ताल ने उपलब्धता को कम कर दिया है, जबकि ट्रेड की अनिश्चितताओं के कारण अमेरिका को शिपमेंट में तेजी आई है।


**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-19/सा/2025-26 | जबलपुर, दिनांक 02.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला / लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2025_PWDRB_472884_1 | डिण्डौरी | डिण्डौरी-मुडकी-नेवसा, पोंडी-टिकरी पिपरी से सारसताल मार्ग लंबाई 27.00 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 1108.00 लाख | 10,00,000/- | 30,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.**
**जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

जी - 23841/25
स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)



विशेष
नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च... यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है-

*'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥'*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।



सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा-

*भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।*


अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ !

*-नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।*

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## विचार

विमल चोपड़ा



# पीने का साफ पानी नहीं दे पाना चिंता का विषय

21वीं सदी में जनता को हम पीने का साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं, यह हमारे लिए चिंता का विषय है। सरकार योजना बनाती है, राशि उपलब्ध कराती है, पर निचला अमला अपनी लापरवाही के कारण इन योजनाओं को पूर्ण सावधानी के साथ इसे अमली जामा नहीं पहना पाता। इसी लापरवाही के कारण स्थल चयन की गलती इंदौर जैसी घटनाओं को अंजाम देती है।" इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 8 लोगों की मौत का समाचार हतप्रभ करने वाला है। परंतु इस प्रकार की घटनाएं यदा-कदा, छोटी-मोटी देश के अनेक स्थानों से सुनने-पढ़ने को मिलती रहती हैं। इंदौर जैसे स्वच्छता का पुरस्कार पाने वाले देश के प्रथम शहर में हुई इस प्रकार की घटना के लिए कोई एक व्यक्ति या एक सरकार जिम्मेदार नहीं हो सकती। यह समय बीतने के साथ पाइपलाइन में होने वाले परिवर्तन का परिणाम है। इंदौर की इस घटना का पोस्टमार्टम करने पर निकलेगा कि वर्षों पहले डाली गई पाइपलाइन वर्षों पुरानी नाली से गुजर रही थी, वर्षों तक कुछ नहीं हुआ और वर्षों बाद अचानक यह घटना घटी और कलंक उसके माथे पर लगा जिसने न तो यह लाइन बिछाई और ना ही उसने वह नाली बनाई पर वर्षों का धरती के भीतर दबा लावा तो वर्तमान प्रशासन-शासन के कार्यकाल में धरती फाड़कर बाहर निकला।

इंदौर ही नहीं, मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में जहां अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। परंतु इंदौर में एक साथ इतनी मौतें व इतने अधिक लोगों का बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होना घोर प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। शिकायतें जनप्रतिनिधियों से होकर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचती हैं और उसकी गंभीरता विस्फोट के बाद ही समझ में आती है। यह हमारे संवेदनहीन समाज का चरित्र बन चुका है और जांच पर जांच होगी पर जिम्मेदारी शायद तय हो पाए और न ही हम कोई सबक सीखकर भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसका प्रयास करेंगे। इस प्रकार की भयंकर दुर्घटनाओं को रोकने का सार्थक प्रयास करने का समय अब आ चुका है।

10 वर्षों तक नगरपालिका अध्यक्ष का दायित्व निभाने के दौरान शहरी जल वितरण व्यवस्था को निकट से देखने का अवसर मिला, जिसमें अनेकों खामियां समझ में आयी पर लकीर के फकीर बने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया। आज भी लगभग सभी शहरों एवं गांवों में पेयजल वितरण की पाइपलाइन नालियों के नीचे या ऊपर या उनके भीतर से उन्हें क्रॉस करते हुए आगे बढ़ती है। जिससे इंदौर जैसी घटनाओं की आशंका लगभग प्रत्येक स्थान पर बनी रहती है और हमारा अमला इन सब बातों को नजरअंदाज करता हुआ लापरवाही पूर्वक आगे बढ़ता जाता है। ऐसे मामलों में बड़ी जिम्मेदारी तो प्रशासनिक अधिकारियों की होती है, साथ ही सीमित जिम्मेदारी एक स्तर तक के जनप्रतिनिधियों की भी होती है। नगरीय क्षेत्र में उस वार्ड का पार्षद एक सीमित दायरे में जिम्मेदार होगा क्योंकि ऐसी घटनाओं की प्रथम सूचना उस तक ही आती है और उसकी गंभीरता या लापरवाही घटना को छोटा या बड़ा बनाती है। एक पार्षद अपने वार्ड की सबसे गहरी जानकारी रखने वाला होता है। उसे वार्ड की पाइपलाइन, नालियों एवं अन्य भौतिक संरचनाओं की अच्छी जानकारी होती है। साथ ही जनसेवा के इस क्षेत्र को वह अपनी मर्जी से चुनता है, अतः वह नैतिक रूप से तो काफी हद तक जिम्मेदार होता है, परंतु प्रशासनिक स्तर पर उसकी जिम्मेदारी सीमित हो जाती है क्योंकि आदेशात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही का कोई अधिकार उसके पास नहीं होता, परंतु प्रशासन पर दबाव की नैतिक ताकत उसके पास असीमित होती है।

नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान पता चला कि पेयजल पाइपलाइन के अंडरग्राउंड होने की वजह से अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पाइपलाइन का लीकेज तो सामान्य बात है परंतु यह समस्या गंभीर रूप वहां धारण कर लेती है जहां नाली और पाइपलाइन का समागम होता है और इंदौर जैसी घटनाएं हो जाती हैं। रायपुर व अन्य शहरों में भी पीलिया आदि जल जनित बीमारियों की खबरें एक क्षेत्र से आती रहती हैं और सड़कों, नालियों, भवनों में दबी पाइपलाइन का लीकेज खोजने में काफी खोदा-खादी और ऊर्जा का अपव्यय होता है। कई बार तो महीनों बाद लीकेज का पता चल पाता है जबकि पूरी सड़क खोद दी जाती है। हमारे पास अंडरग्राउंड पाइपलाइन में लीकेज पता करने का कोई दुरुस्त सिस्टम नहीं है तो सब कुछ अंदाज में चलता है और काफी मानवीय और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। 24 घंटे पाइपलाइन में पानी का दबाव बने रहने के कारण नाली या गंदे स्थान का पानी लीकेज पाइपलाइन में प्रवेश नहीं कर पाएगा व लीकेज स्थान से निकलने वाला पानी का शीघ्र पता चल जाएगा और उसकी मरम्मत शीघ्र हो सकेगी।

इंदौर जैसी घटनाओं से बचने का एक उपाय यह हो सकता है कि पीने की पाइपलाइन निस्तारी की पाइपलाइन से अलग हो एवं यह अंडरग्राउंड के बजाय लोगों के घरों से चिपक कर चले जिससे लीकेज तत्काल दिखे और अवैध पाइपलाइन से चोरी स्पष्ट पता चले। पीने का पानी आरओ (**RO**) वाटर होगा जो टंकी में लगे प्लांट से सप्लाई होगा और आरओ (**RO**) का बाहर निकला पानी टंकी से निस्तारी पाइपलाइन में चला जाएगा। मीटर की व्यवस्था इसमें आवश्यक रहेगी।

*-पूर्व विधायक महासमुंद, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा*

## सटाका




## आज की पाती

### चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं


बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*- महेश चौबे, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।' मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।



## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।



## ट्रेंड

### परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**


### रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



# जन्म, विवाह और तीज-त्यौहारों पर किया जाता है बधाई नृत्य

## जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि में भगोरिया एवं बुंदेली बधाई नृत्य की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत रविवार की शाम राहुल भावर एवं साथी, धार द्वारा भील जनजातीय भगोरिया नृत्य एवं कविता पाण्डेय एवं साथी, जबलपुर द्वारा बुंदेली बधाई नृत्य और महेश कुलश्रेष्ठ एवं साथी, आगर द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुति दी गई। महेश ने सतगुरु आया रे मैं बारी जाऊं..., तेरा किया रे करम छूट जाई..., सुन ले साहब भाई..., धन्य तेरी करतार कला का..., जैसे अन्य कई कबीर पदों का गायन किया।



जनजातीय संग्रहालय में जनजाति नृत्य की प्रस्तुति देते हुए समाज के नर्तक-नर्तकियां।

### नाती-पोतों के जन्म पर वंश की वृद्धि के लिए होता बधाई नृत्य

गतिविधि में कविता पाण्डेय द्वारा बुंदेली बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियां और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियां कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं।

### भगोरिया हाट में होली पर्व पर होता है भगोरिया नृत्य



राहुल भावर एवं साथी ने भगोरिया नृत्य प्रस्तुत किया। झाबुआ और आलीराजपुर क्षेत्र में निवास करने वाली भील जनजाति का भगोरिया नृत्य, भगोरिया हाट में होली तथा अन्य अवसरों पर भील युवक-युवतियों द्वारा किया जाता है। फागुन के मौसम में होली से पूर्व भगोरिया हाटों का आयोजन होता है। भगोरिया नृत्य में विविध पदचाप समूहन पाली, चक्रीपाली तथा पिरामिड नृत्य मुद्राएं आकर्षण की केन्द्र होती हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी युवतियों का श्रृंगार और हाथ में तीरकमान लिए नाचना ठेठ पारम्परिक व अलौकिक सरंचना है।

## नाटक गांधारी ने चेतना सभागार में दर्शकों को किया भावविभोर

# गांधारी के मौन, संकल्प के साथ पश्चाताप की गाथा कहता नाटक



धृतराष्ट्र के साथ गांधारी एक भावपूर्ण दृश्य में।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

महाभारत की कथा को एक नए, संवेदनशील और स्त्री-दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता नाटक गांधारी का मंचन रविवार की शाम चेतना सभागार, नीलबड़ में किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष श्रीवास्तव के निर्देशन में चेतना रंगसमूह द्वारा प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को आरंभ से अंत तक बांधे रखा और गहन भावनात्मक प्रभाव छोड़ा। केवल पांच कलाकारों (चार महिला और एक पुरुष) द्वारा मंचित इस नाटक में गांधारी के दृष्टिकोण से महाभारत की सम्पूर्ण कथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंच पर रथ निर्माण, पालकी, युद्ध दृश्य, द्रौपदी चीरहरण और दुशासन वध जैसे प्रसंगों को जिस जीवंतता और कल्पनाशीलता के साथ रचा गया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई दृश्यों पर सभागार तालियों से गूंज उठा।



नाटक में गांधारी के विवाह का दृश्य मंचित किया गया।

### तीन महीने की साधना 'गंधारी'

निर्देशक आशीष श्रीवास्तव के अनुसार, नाटक को तैयार करने में लगभग साढ़े तीन महीने का समय लगा। मूल रूप से यह नाटक दो पात्रों के लिए लिखा गया था, जिसे पांच पात्रों के साथ मंचित करने हेतु पुनः संरचित किया गया। केवल 1 घंटा 10 मिनट की समयावधि में महाभारत जैसे विराट महाकाव्य को समेटने के लिए कथ्य, अभिनय और दृश्य संयोजन पर विशेष ध्यान दिया गया।

### स्त्री कलाकारों ने की पुरुष पात्रों की सशक्त प्रस्तुति

नाटक की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि महिला कलाकारों ने ही भीम, युधिष्ठिर, भीष्म पितामह, धृतराष्ट्र और श्रीकृष्ण जैसे पुरुष पात्रों की भूमिकाएं निभाईं। उनके बॉडी मूवमेंट, हाव-भाव और संवाद अदायगी ने दर्शकों को यह भूलने पर मजबूर कर दिया कि मंच पर सीमित कलाकार हैं। नाटक के लेखक जयवर्धन हैं तथा कथा में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं का प्रभावशाली उपयोग नाटक की संवेदनात्मक गहराई को और बढ़ाता है।



# आन्या के प्रेम में डूबे अद्वय के अकेलेपन व अवसाद की कहानी कहता 'कटोरा'

'ख्याल कला प्रेमियों का' के बॉक्स थिएटर में नाटक कटोरा का मंचन



नाटक में मंच पर प्रस्तुति देता आर्टिस्ट।


हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

कभी कभी एकल नाटक अपने कथानक और अभिनय के अनुकूलतम संयोग से बड़ी स्टार कास्ट,सेट और लाइट के तामझाम के ऊपर भारी पड़ जाते हैं, कुछ ऐसी ही नाट्य प्रस्तुति देखने को मिली रविवार शाम विद्या नगर स्थित 'ख्याल कला प्रेमियों का' के बॉक्स थिएटर में, जिसमें उत्सव हन्डे के लेखन एवं निर्देशन में नाटक कटोरा का मंचन किया गया। इस नाटक में दिखाया कि उन्नीस वर्षीय संवेदनशील युवक अद्वय कविताओं की दुनिया में जीता है। एक पुराने कविता-संग्रह से जुड़कर वह महसूस करता है कि कविताओं की अनुभूतियां उसके जीवन में घटने लगी हैं। आन्या से उसका प्रेम अधूरा रह जाता है और उसके जाने के बाद अद्वय अकेलेपन व अवसाद में डूब जाता है।

### अंततः समझ में आता है प्रेम मांग नहीं, मुक्ति है...



नाटक की मंच पर प्रस्तुति



मंच पर कलाकार।

नाटक में आगे दिखाया कि आन्या के गम में अद्वय इसी भीतर की यात्रा में वह एक बूढ़े कवि से मिलता है—जो दरअसल उसकी ही रचना है। संवाद के माध्यम से अद्वय समझता है कि प्रेम मांग नहीं, मुक्ति है। नाटक इस स्वीकार के साथ समाप्त होता है कि प्रेम का अर्थ है हाथ में कटोरा न होना। इस एकल नाट्य प्रस्तुती के साथ अभिनेता उत्सव ने ही अद्वय की भूमिका निभाई। मंच व्यस्था कंचन विश्वास द्वारा की गई, प्रकाश परिकल्पना सोनू साहा की थी और संगीत संयोजन एवं संचालन शतांशु पाल ने की ।

## सुरमाला की संगीत संध्या में सुरीले गीत गाकर मनाया नववर्ष





कार्यक्रम में गीत की प्रस्तुति देतीं रीना। दूसरे चित्र में मंच पर गीत की प्रस्तुति देते मोहन बेलानी, साथ में नृत्य करते अन्य सिंगर्स।

# ये जिंदगी उसी की है, जो किसी का हो गया...

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

ये जिंदगी उसी की है, जो किसी का हो गया...जैसे ही ये अनारकली फिल्म के इस गीत का समापन हुआ पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। मौका था राजधानी के एमपी नगर स्थित एक निजी होटल में हुए सुरमाला की संगीत संध्या का। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे मशहूर गायक और रिटायर्ड डीएसपी डीपी जुगाड़े।

इस आयोजन में ग्रुप के 40 से अधिक सिंगर्स ने खुशी और मस्ती भरे गीत गाकर नववर्ष मनाया। इनमें अजय ने घर से निकलते ही, असीम और शिप्रा ने प्यार कर गीत सुनाया। वहीं रमेश चंदानी और रीना ने धर्मा की मशहूर कव्वाली राज की बात कह दूं तो सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। इनके अलावा परसो नाथानी भी हेमंत कुमार का गीत ये नयन डरे डरे और सुरंगमा सक्सेना के साथ तुम्हें याद होगा सुनाकर महफिल लूट लिए। साथ ही अजय खंगन ने रीना के साथ मैं तेरे प्यार में पागल गीत गाकर समां बांध दिया।

वहीं मोहन बेलानी और भविशा ने बेहद ही मस्ती भरे अंदाज में फिल्म महान का गीत प्यार में दिल में मार दे गोली गाया तो पूरा हॉल मस्ती के मूड में आ गया। इनके साथ लखन दांडे, मनीष सक्सेना, शरद सोनी, शैलेंद्र-माधवी सक्सेना, मंजू, नीलिमा, ज्योति तिवारी, सुनीता, शक्ति आदि ने भी अपने सुरीले गीत सुनाए।

## कला और संस्कृति का उत्सव कायस्थम समारोह 11 जनवरी को

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आगामी रविवार 11 जनवरी को रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 4 बजे से होने वाले कायस्थम - 2026 के आयोजन में चित्रांश महिलाएं भारतीय संस्कृति और कला का प्रदर्शन करेंगी। कायस्थम की महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि परिधानम 2.0 के तहत तीन प्रतियोगिताएं होंगी। पहली पारंपरागत प्रतियोगिता होगी, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों में महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली पारंपरिक साड़ियों का प्रदर्शन होगा। दूसरी संस्कृतिक प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांत में महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली पोशाकों को प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरी प्रतियोगिता मां बेटी के अटूट संबंधों पर आधारित मेरी बेटी मेरा अभिमान प्रतियोगिता में मां और उनकी बेटी रैंप वॉक करेंगी।

- साड़ी, पोशाक और मेरी बेटी मेरा अभिमान का होगा प्रदर्शन

# गांधी कुष्ठ आश्रम गांधीनगर में सजी संगीत संध्या



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

वरिष्ठ समाजसेवी और सोहागपुर नगर पालिका के पदाधिकारी रहे स्व लक्ष्मण दास गोलानी की पुण्यतिथि पर मुस्कान और केजीएन म्यूजिकल ग्रुप ने हमारे पापा कार्यक्रम का आयोजन कुष्ठ आश्रम गांधीनगर में किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ राष्ट्रवादी विचारक शशि भाई सेठ और विधायक भगवानदास सबनानी, किरण वाधवानी और सोहागपुर महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कन्नू अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सेदारी की।



विधायक भगवानदास सबनानी ने हमारे पापा कार्यक्रम की सराहना की। मुस्कान और केजीएन म्यूजिकल ग्रुप के गायक गायिकाओं ने मधुर गीत सुनाए। कुष्ठ आश्रम के सदस्यों का मनोरंजन किया गया, साथ ही उन्हें साहित्य भी भेंट किया गया। जेडी गोलानी, वर्षा गोलानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

## एसवी पॉलिटेक्निक में धर्मेंद्र को समर्पित गीतों की सांस्कृतिक संध्या

# कोई हसीना जब रूठ जाती है तो...

भोपाल

मधुर वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार की शाम एक संगीत संध्या का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में किया, जो स्व. धर्मेन्द्र के गीतों को समर्पित रही। समिति अध्यक्ष रमन यादव ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करती रहती है। वहीं समिति की संरक्षक जयंती यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में सतीश खरे ने जब से तेरे नैना, बिपिन ने ऐसी दीवानगी, उदय ने चल राजू चल, राजेश-रमन नेदिल तेरा आशिक, राजू जाट नेगाड़ी बुला रही है, नीलेश खरे ने कोई हसीना जब रूठ जाती है तो, जगत सिंग ने पल पल दिल के पास, शालिनी ने जब तक रहे तन मे जिया, रामचंद्र सभनानी ने हम सफर मेरे हमसफर, दीपक ने ड्रीम गर्ल सुनाकर समां बांध दिया। वहीं अभिनव, विनोद हवेलिया, अनन्य शर्मा, मालती, मोहन, शाफीक ने भी मधुर गीत सुनाए। वहीं टाइटल सॉन्ग प्रदीप शर्मा और सोनिया ने दरिया में फेंक दूं चाबी सुनाया तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में खालिद सिद्धीकी को कुमार सानू अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप शर्मा, रामबाबू शर्मा,आदर्श तिवारी, रामचंद्र सबनानी उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जगदीश रैकवार, रतिराम केमया, मोहन चतुर्वेदी, कादिर खान उपस्थित रहे।







गीतों की प्रस्तुति देते सिंगर्स।

पत्रकार वार्ता में बोले- मप्र लेखक संघ प्रदेशाध्यक्ष गट्टानी

# लेखक संघ इस वर्ष करेगा दस साहित्यिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश लेखक संघ इस वर्ष दस साहित्यिक आयोजन करेगा। यह बात संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने एमपी नगर स्थित एक होटल में प्रेस संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कही। गट्टानी ने बताया कि इस कैलेन्डर वर्ष में साहित्य की विभिन्न विधाओं पर केन्द्रित आठ गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें वीर रस, हास्य व्यंग्य, गीत, गजल, कहानी- लघुकथा, बाल साहित्य एवं लोक भाषाओं पर आधारित गोष्ठियां होंगी। इन गोष्ठियों में प्रतिमाह प्रदेश की 50 इकाइयों से चयनित साहित्यकारों को रचना पाठ हेतु आमंत्रित किया जाता है।

### प्रदेश के श्रेष्ठ साहित्यिक विभूतियों को मिलेंगे 28 साहित्यिक सम्मान

उन्होंने बताया कि वर्ष के अंत में प्रादेशिक साहित्यकार सम्मेलन भोपाल में होगा, जिसमें साहित्य संबंधी 28



साहित्यिक सम्मान प्रदेश की श्रेष्ठ साहित्यिक विभूतियों को प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले रविवार को हुए वार्षिक सम्मान समारोह में मप्र लेखक संघ की वेबसाइट का भी लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर संघ के संरक्षक डॉ. राम वल्लभ आचार्य, प्रादेशिक उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी एवं प्रादेशिक मंत्री मनीष बादल ने भी चर्चा में भाग लिया। प्रारंभ में मनीष बादल ने उपस्थित पत्रकारों का स्वागत किया।

## मानव संग्रहालय में लोसर महोत्सव 2026 का समापन

# लद्दाख-सिक्किम की सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत उत्सव है लोसर

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मानव संग्रहालय में आयोजित लोसार महोत्सव 2026 ने हिमालयी क्षेत्रों विशेषकर लद्दाख एवं सिक्किम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकनृत्यों, अनुष्ठानों और पारंपरिक खानपान को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का मार्गदर्शन संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे द्वारा किया गया, रविवार को लोसर महोत्सव के समापन समारोह का सफल संचालन संग्रहालय के पब्लिकेशन ऑफिसर डॉ. मो रेहान द्वारा किया गया। रसोई चांसा, जो इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में प्रदर्शित है, केवल एक साधारण रसोईघर नहीं है, बल्कि यह लद्दाखी जीवन-दर्शन, सामुदायिक चेतना और सांस्कृतिक आत्मा का जीवंत प्रतीक है। इस रसोई में पकने वाला हर व्यंजन लद्दाखी लोगों की मेहनत, प्रकृति के प्रति सम्मान और संसाधनों के संतुलित उपयोग की कहानी कहता है।



मानव संग्रहालय में लोसर उत्सव में प्रस्तुति देते लद्दाख के कलाकार।

### सिक्किम के नेपाली समुदाय द्वारा किया जाता है 'छुटके नृत्य'



इसके पश्चात छुटके नृत्य सिक्किम के नेपाली समुदाय द्वारा किया जाने वाला एक पारंपरिक लोकनृत्य है। यह नृत्य विशेष रूप से उत्सवों, मेलों और सामाजिक आयोजनों के अवसर पर प्रस्तुत किया जाता है। इस नृत्य में सामूहिक सहभागिता देखने को मिलती है, जहां पुरुष एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सरल लेकिन ऊजार्वान कदमों के साथ नृत्य करते हैं।

### नेपाल की युवतियों का किया जाने वाला नेपाली लोकनृत्य रहा खास

इसके बाद नेपाली लोकनृत्य हुआ। यह नृत्य नेपाल की युवती द्वारा किया गया। जिसमें सारंगी की मधुर ध्वनि, कथात्मक गायन और नृत्य-गतियां सम्मिलित होती हैं। लोकजीवन की सरलता से जुड़ी पीढ़ियों पुरानी कथाएँ इस प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत हो उठीं। इसके पश्चात लेपचा नृत्य की प्रस्तुति खास रही, जो सिक्किम के आदि वासी लेपचा समुदाय की प्रकृति-केंद्रित जीवनशैली का प्रतीक है।

## चीन की दो टूक - यूएस अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा व संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे

# वेनेजुएला पर कार्रवाई करने वाले 'शांति दूत' ट्रंप का पूरी दुनिया में विरोध
# यूएन ने बुलाई आपात बैठक, अमेरिका बोला दुनिया में राज हम ही करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुद को शांति दूत स्थापित करने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से वेनेजुएला की व्यवस्थित सरकार को छिन्नभिन्न किया है उसकी विश्व विरादरी जमकर निंदा कर रही है। बीजिंग ने इसे खुले तौर पर 'दादागिरी' करार दिया है, जबकि रूस ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की अपील की है। दोनों देशों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग का समर्थन किया है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम 'हेजेमोनिक एक्शन' है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन करता है। मंत्रालय ने कहा कि चीन इस कार्रवाई से गहरी चिंता में है और किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति के खिलाफ बल प्रयोग का कड़ा विरोध करता है। अमेरिका की यह कार्रवाई ना सिर्फ वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरे लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चीन ने अमेरिका से मांग की है कि वो अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा और संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे।

वहीं, रूस ने अमेरिका की इस कार्रवाई को 'सशस्त्र आक्रामकता' करार दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य हमला किया है, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है. मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के हमलों को सही ठहराने के लिए दिए जा रहे तर्क पूरी तरह निराधार हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि मौजूदा हालात में सबसे जरूरी है- हालात को और बिगड़ने से रोकना और बातचीत के जरिए समाधान निकालना। रूस ने स्पष्ट किया कि लैटिन अमेरिका को 2014 में घोषित 'शांति क्षेत्र' बना रहना चाहिए और वेनेजुएला को बिना किसी बाहरी, खासकर सैन्य हस्तक्षेप के अपने भविष्य का फैसला करने का पूरा अधिकार है। रूस ने वेनेजुएला की जनता के साथ एकजुटता जताते हुए वहां की बोलिवेरियन सरकार के राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के प्रयासों का समर्थन किया है।

*गिरफ्तारी के दौरान गुड नाइट हैप्पी न्यू इयर कहा था राष्ट्रपति मुदारो ने*

*अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने मात्र 30 मिनट की कार्रवाई में बना लिया था बंधक*

*वेनेजुएला के गार्ड भी कर रहे थे अमेरिका के लिए काम*

*यूएस ने दूसरे देशों को चेताया कहा- वे अपनी हद में रहें*


बंधक बने मादुरो


प्रदर्शन में अमेरिकी झंडे जलाए गए

### अपने ही घर में घिरे ट्रंप, न्यूयॉर्क से लॉस एंजेलिस तक प्रदर्शन

## मेयर ममदानी ने युद्ध बताया तो कमला ने कहा ये अराजकता है



*वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी ने अमेरिका के भीतर एक भीषण राजनीतिक युद्ध छेड़ दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस सैन्य ऑपरेशन को अपनी सबसे बड़ी जीत बताया, अब वही उनके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। न्यूयॉर्क से लेकर वॉशिंगटन तक, ट्रंप के इस 'बोल्ड' कदम की तीखी आलोचना शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे दिग्गजों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध जैसा कृत्य करार दिया है। अमेरिका अब दो गुटों में बंट गया है, जहां एक तरफ ट्रंप की ताकत का प्रदर्शन है तो दूसरी तरफ संविधान और सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल। वहीं अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने 3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्ट इंटरनेट की सुविधा देने का ऐलान किया है। न्यूयॉर्क के नवनियुक्त मेयर जोहरान ममदानी ने शपथ लेने के महज दो दिन बाद राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर हड़कंप मचा दिया। ममदानी ने मादुरो की गिरफ्तारी को एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला बताया। उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी कि मादुरो को न्यूयॉर्क की संघीय हिरासत में रखने से शहर की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। मेयर का मानना है कि सत्ता परिवर्तन की यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और इससे न्यूयॉर्क में रहने वाले वेनेजुएला मूल के लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रंप प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इस ऑपरेशन को ₹अवैध और खतरनाक₹ बताया है। हैरिस ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्ता परिवर्तन और तेल के लालच में शुरू किए गए युद्ध अंत में केवल आर्थिक बोझ और सैनिकों की शहादत का कारण बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के पास इस सैन्य कार्रवाई के बाद का कोई 'एग्जिट प्लान' नहीं है। हैरिस के मुताबिक, इस कदम से अमेरिका मजबूत नहीं, बल्कि और अधिक असुरक्षित हो गया है।*

**3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्त इंटरनेट की सुविधा देंगे मस्क**

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा-अमेरिका की खिलाफत करने वालों का यही हाल होगा



*अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो ने सभी देशों को सख्त चेतावनी दी है। मार्को रुबियो का कहना है कि वेनेजुएला के खिलाफ लिया गया एक्शन दुनिया के सभी देशों की सरकारों और नेताओं को एक संदेश हैं कि जो भी अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करेगा, उसका भी यही हाल होगा। ट्रंप के द्वारा वेनेजुएला पर हमले की घोषणा करने के बाद रुबियो ने मीडिया से कहा, मादुरो वेनेजुएला के लिए सही राष्ट्रपति नहीं थे और ये सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं। मार्को रुबियो का कहना है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल से लेकर बाइडन और फिर ट्रंप के कार्यकाल समेत यूरोपियन यूनियन समेत कई देश मादुरो को वेनेजुएला के लिए सही नहीं मानते।*

### मादुरो से पहले 3 देशों के राष्ट्रपतियों को पकड़ चुका है अमेरिका

## नोरिएगा को पकड़ा जेल में मौत, सद्दाम को फांसी दी और हर्नांडेज को 45 साल की सजा

*अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को पकड़कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-टेररिज्म फैलाने, कोकीन की तस्करी, मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के जरिए अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ने किसी देश के प्रमुख को सैन्य कार्रवाई के दौरान पकड़ा है। इससे पहले तीन देशों में अमेरिका ने ऐसी ही सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्राध्यक्षों को पकड़ा था। अमेरिका ने 1989 में पनामा पर हमला कर सैन्य नेता मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार किया था। अमेरिका ने यह हमला इसलिए किया था, ताकि मैनुअल नोरिएगा को पद से हटाया जा सके। अमेरिका ने मैनुअल नोरिएगा पर पनामा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा, अलोकतांत्रिक प्रथाएं, भ्रष्टाचार और अवैध ड्रग व्यापार में शामिल बताया था। पनामा पर हमला करने से पहले, अमेरिका ने 1988 में मियामी में नोरिएगा पर ड्रग तस्करी का आरोप लगाया था। नोरिएगा ने 1985 में निकोलस अर्दितो बार्लेटा को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, जिन्हें अमेरिका का करीबी नेता माना जाता था। उन्होंने 1989 में पनामा में आम चुनाव को भी रद्द कर दिया था और अमेरिका विरोधी भावना का समर्थन किया था। मैनुअल नोरिएगा पर मियामी में मुकदमा चलाया गया और 2010 तक जेल में रखा गया। बाद में उन्हें दूसरे मुकदमे के सामना करने के लिए फ्रांस भेज दिया गया।*

### 2017 में पनामा की जेल में हुई थी मौत

फ्रांस ने एक साल बाद मैनुअल नोरिएगा को वापस पनामा भेज दिया। नोरिएगा की 2017 में पनामा की जेल में मौत हो गई, जहां वह अपने अपराधों के लिए सजा काट रहे थे। इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 13 दिसंबर, 2003 को अमेरिकी सेना ने पकड़ा था। सद्दाम को इराक पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हमले और कब्जे के नौ महीने बाद पकड़ा गया था। सद्दाम को उनके गृहनगर तिकरित के पास एक गड्ढे में छिपा हुआ पाया गया था। उन पर एक तथाकथित इराकी अदालत में मुकदमा चला और मौत की सजा सुनाई गई। सद्दाम हुसैन को 30 दिसंबर, 2006 को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए उसे फांसी दे दी गई। अमेरिका ने फरवरी 2022 में होंडुरास में एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को पकड़ा था। गिरफ्तारी से ठीक पहले जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज होंडुरास के राष्ट्रपति पद से चंद दिनों पहले ही रिटायर हुए थे। उन्हें अमेरिकी सेना ने होंडुरास सेना के साथ एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया था।

### जेलेंस्की ने कहा- मादुरो की तरह पुतिन का भी हो यही हाल?

*वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की ओर से नाटकीय ढंग से पकड़े जाने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का बड़ा बयान सामने आया है। जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वाशिंगटन अब तानाशाहों से निपटने के लिए आगे क्या करना है यह जानता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब जेलेंस्की से मादुरो की गिरफ्तारी पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा मैं क्या कह सकता हूं? अगर तानाशाहों के साथ ऐसा किया जा सकता है, तो अमेरिका जानता है कि अगला कदम क्या होना चाहिए। उनका यह बयान साफ तौर पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ओर संकेत माना जा रहा है।*

### सुरक्षा परिषद की आपात बैठक आज

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) आपात बैठक बुलाने की जानकारी दी है। इस महीने के लिए सोमालिया परिषद के घूर्णन अध्यक्ष है। सोमालिया की स्थायी मिशन की प्रवक्ता खादीजा अहमद ने कहा कि बैठक का मकसद वेनेजुएला में की गई कार्रवाई पर चर्चा करना है।

## क्या कहता है अंतरराष्ट्रीय कानून?

*सबसे पहले, अमेरिकी कांग्रेस के पास युद्ध घोषित करने की शक्ति है, जो उसने इस मामले में नहीं की है। दरअसल, ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स ने वैनिटी फेयर को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि अगर ट्रंप वेनेजुएला में किसी भी जमीनी गतिविधि को अधिकृत करते हैं, तो उन्हें कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय कानून संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति या आत्मरक्षा जैसे कुछ सीमित अपवादों को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बल प्रयोग को प्रतिबंधित करता है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी और गिरोह हिंसा को आपराधिक गतिविधि माना जाता है।*

### न्यूयॉर्क में चलेगा मादुरो पर मुकदमा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार, मादुरो और उनकी पत्नी को कारकस से एक संयुक्त अभियान में पकड़ा गया और अमेरिका लाया गया। उन पर न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों को अमेरिकी अदालत में पेश किया जाएगा। अमेरिका ने मादुरो की हथकड़ियों में 'पर्प वॉक' का वीडियो भी जारी किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा, जो अपनी खराब और अमानवीय परिस्थितियों के लिए कुख्यात है।

### अमेरिका का समर्थन करने वाले देश

**अर्जेंटीना:**-राष्ट्रपति जेवियर माइली ने अमेरिका का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर ₹लिबर्टी एडवांसेज₹ (स्वतंत्रता आगे बढ़ती है) लिखा।

**इक्वाडोर :**-राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कहा कि ₹नार्को-चाविस्ता अपराधियों₹ के लिए समय आ गया है।

### विरोध करने वाले प्रमुख देश (कड़ी निंदा)

*__रूस:__-इसे एक संप्रभु राष्ट्र पर सशस्त्र आक्रमण बताया। रूस ने मांग की है कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करे और मादुरो को तुरंत रिहा करे।*

*__चीन:__-चीन ने इसे कट्टरपंथी और वर्चस्ववादी कृत्य कहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे एक संप्रभु राज्य के खिलाफ बल प्रयोग से स्तब्ध हैं।*

*__ईरान:__-ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय शांति का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया है।*

*__ब्राजील:__-राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने इसे अस्वीकार्य बताया और कहा कि यह लैटिन अमेरिका में हस्तक्षेप के सबसे काले दौर की याद दिलाता है।*

*__मेक्सिको और कोलंबिया:__-दोनों देशों ने संप्रभुता के उल्लंघन पर चिंता जताई है। कोलंबिया ने शरणार्थियों की संभावित बाढ़ को लेकर अपनी सेना को सीमा पर अलर्ट कर दिया है।*

*__क्यूबा:__-राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कानेल ने इसे राज्य आतंकवाद और वेनेजुएला के लोगों पर आपराधिक हमला कहा है।*

### अमेरिका के वेनेजुएला हमले पर कांग्रेस ने जताई चिंता



कांग्रेस ने अमेरिका के वेनेजुएला पर हमले को लेकर चिंता जताई है। कांग्रेस का कहना है कि अमेरिका की कार्रवाई चिंता का विषय है। इसके साथ ही कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का हवाला देते हुए कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पिछले 24 घंटों में अमेरिका की कार्रवाइयों पर अत्यंत गंभीर चिंता व्यक्त करती है।

### मादुरो की गिरफ्तारी पर शशि थरूर ने जताई नाराजगी



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वैश्विक राजनीति की मौजूदा स्थिति पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर को बीते कुछ वर्षों से लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है और आज दुनिया में 'ताकत ही सही' का सिद्धांत हावी होता जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में शशि थरूर ने लिखा कि केवल कागजों तक सीमित कर दिया गया है।

### संतुलित रुख रखने वाले देश

*__यूरोपीय संघ:__ ईयू ने सैन्य कार्रवाई का सीधा समर्थन नहीं किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सम्मान पर जोर दिया।*

*__कनाडा:__ कनाडा ने मादुरो शासन को अवैध माना है लेकिन साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।*

*__जापान और ऑस्ट्रेलिया:__ सैन्य कार्रवाई पर सीधे टिप्पणी करने के बजाय कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है।*

---

### ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक

## बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है।

## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे, जिसके माध्यम से सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है।

### राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हुए जवान, पासिंग आउट परेड में दिखे भावुक क्षण

*असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया*

## श्रीनगर: सरहदों की निगरानी के लिए बीएसएफ को मिल गए 447 नए प्रहरी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्रीनगर के हुमहामा बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में 447 रंगरूटों ने पासिंग आउट परेड पूरी कर जवानों के रूप में बीएसएफ में शामिल होकर देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैयार हुए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ट्रेनी को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

- ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी में दिखा युवाओं में देशभक्ति का जज्बा

श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ के सब्सिडरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में युवाओं में देशभक्ति का जज्बा दिखा।मौका था रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह का। इसमें 447 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए। कार्यक्रम में आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे।

आईजी मिंज ने रंगरूटों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल देश की सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है बल्कि इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुहतोड़ जवाब देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


उत्साहित दिखे जवान


परेड को सलामी देते हुए जवान

### परेड की कमान सुखदीप पांजा ने संभाली

उन्होंने रिक्रूटों को साहस और उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आईजी ने रंगरूटों को उनके जीवन और सेवा में उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण गतिविधियों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया। बैच 128, 129 और 130 की परेड की कमान रंगरूट कांस्टेबल सुभदीप पांजा ने संभाली। हर बैच के पांच ट्रेनी को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए ट्रॉफी मिली।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स व अन्य सिक्योरिटी फोर्सेज के सीनियर अधिकारियों, ट्रेनी के माता-पिता और परिवार वालों ने इस यादगार परेड को देखा।

### रक्षा के लिए मर मिटने के लिए तैयार जवान



पासिंग आउट परेड के बाद बीएसएफ के जवान मृत्युंजय ने कहा कि दिल में देश सेवा की भावना शुरू से थी। अब देश के बॉर्डर की रक्षा करूंगा। एक अन्य जवान अक्षय ने कहा 44 सप्ताह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आज काफी खुशी है। देश के प्रति सेवा करने का सौभाग्य मिला है और देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार हैं। बता दें कि लगभग सभी जवानों में एक जैसा जज्बा और उत्साह था।

**44 सप्ताह का किया कठोर प्रशिक्षण:** एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी के बैच 128, 129 व 130 के 447 के रंगरूटों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विकल्प के तौर पर रखा था।




## खबर संक्षेप




### डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

### मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मार्टिन का रिकवरी ग्राफ उम्मीद से कहीं ज्यादा तेज रहा है और उनके परिवार ने इसे चमत्कार करार दिया है। गिलक्रिस्ट ने कोड स्पोर्ट्स से कहा कि वह अब बात कर पा रहे हैं और इलाज का अच्छा जवाब दे रहे हैं। कोमा से बाहर आने के बाद से उनकी हालत में असाधारण सुधार हुआ है। परिवार को ऐसा लग रहा है मानो कोई चमत्कार हुआ हो।

**एशेज : पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन**

# ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

**ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त**



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

**बीबीएल**

## रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए।



### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।




### बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयार: हरमनप्रीत



**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है। सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है।

### डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर: सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत



**वडोदरा।** गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की।

**टी20 विश्व कप**

## बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

**बांग्लादेश ने की मैचों को भारत से बाहर करने की मांग**

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ट्रैवल नहीं करेगी बांग्लादेशी टीम

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया।

यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 'रिलीज' करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को 'रिलीज' करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है।




### बीसीबी ने की मैच श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं। बीसीबी के बयान के मुताबिक, 'बीसीबी ने विश्व कप के आयोजक आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान (सह-मेजबान श्रीलंका) में स्थानांतरित करने पर विचार करे।' बीसीबी आईसीसी से इस स्थिति को समझने और इस मामले पर तत्काल प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है।

### बीसीबी ने बुलाई आपातकालीन बैठक

*रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और भारत में खेले जाने वाले मैचों में बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की भागीदारी से संबंधित मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।' उन्होंने कहा, ' भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी।'*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930